

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


अक्षय कुमार ने मुंबई में शुरू की ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 08 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 348 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# नतीजों के बाद बोले केजरीवाल, दिल्ली के कूड़े को अब साफ करना है



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने के बाद अरविंद केजरीवाल ने आज अपनी खुशी व्यक्त की है। अरविंद केजरीवाल ने इसके लिए दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि इतने बड़े बदलाव और परिवर्तन के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुक्रिया कहना चाहता हूं जिन्होंने अपने बेटे और भाई को इस लायक समझा। केजरीवाल ने कहा कि हमें अब तक जिन–जिन चीजों की जिम्मेदारी मिली है, हमने वहां अच्छा किया है। शिक्षा के क्षेत्र में अपने लाखों–करोड़ों बच्चों का भविष्य बनाया, रात दिन मेहनत करके अस्पताल बनाए हैं। लोगों ने हमें बिजली की जिम्मेदारी दी, हमने इसको ठीक किया और लोगों के लिए मुफ्त किया। केजरीवाल ने इसके बाद कहा कि आज दिल्ली के लोगों ने अपने भाई बेटे को यहां की सफाई करने और भ्रष्टाचार को खत्म करने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी कोशिश करूंगा कि आपके इस भरोसे को मैं कायम रख सकूं। इस दौरान आप कार्यकर्ता आई लव यू के नारे लगा रहे थे जिसके जवाब में केजरीवाल ने कहा आई लव यू टू। इसके बाद केजरीवाल ने कहा कि जो जीते हैं, उनको बधाई, जो हारे हैं उनसे भी हम दिल्ली के लिए सहयोग लेंगे। उन्होंने कहा कि आज तक ही राजनीति थी। अब मैं दिल्ली के विकास में भाजपा का भी सहयोग चाहता हूं। केजरीवाल ने सभी पार्षदों से कहा कि अब आप किसी पार्टी के पार्षद नहीं बल्कि दिल्ली के पार्षद है। ऐसे में हम सभी पार्टियों से सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमें दिल्ली को ठीक करने में सबका सहयोग चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आशीर्वाद चाहता हूं और केंद्र सरकार का इसमें सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब परिवार मिलकर दिल्ली की सफाई करेंगे। दिल्ली में दो करोड़ हैं और सभी का सहयोग चाहते हैं। अब तक जो भ्रष्टाचार के काम हो रहे थे, उसे खत्म करना है। दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार नहीं होता। अब ऐसे ही नगर निगम को भी साफ करना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां के लोगों ने पूरे देश को एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम शरीफों की पार्टी हैं। हम गाली गलौज नहीं करेंगे। हम अच्छे लोग हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 15 साल की भ्रष्ट भाजपा सरकार को हटा कर केजरीवाल के नेतृत्व में ।।च की सराकार बनाने के लिए बहुमत दिया है इसके लिए जनता का धन्यवाद। ये हमारे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जब आज वाला एक्जिट पोल गलत साबित हो सकता है तो कल वाला एक्जिट पोल गलत साबित नहीं हो सकता? गुजरात में आपको कल चमत्कार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको बहुत बधाई देता हूं चुनाव लड़ते तो नेता हैं लेकिन जीतती जनता है, आज जनता जीत गई है। आपने अपने दोस्तों–बड़े भाईयों को जिताया है।

# एलएसी पर एकतरफा बदलाव की कोशिश नहीं करेंगे बर्दाश्तः एस जयशंकर



नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच एलओसी पर लगातार तनाव बना हुआ है। इसको लेकर संसद में भी लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ है। आज चीन–भारत संबंध ा पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ी बात कही है। संसद में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ तौर पर कहा है कि हमने चीन को स्पष्ट कर दिया है एलएसी पर एकतरफा बदलाव की कोशिश भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। अपने बयान में विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीतिक तौर पर हमने चीन को स्पष्ट किया है कि हम स्न्ब में एकतरफा बदलाव की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर वे ऐसा करना जारी रखते हैं जो सीमा क्षेत्र में गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं तो हमारे संबंध ा सामान्य नहीं रहे सकते। एस जयशंकर ने यह भी कहा कि विदेश नीति आज केवल एक मंत्रालय या यहां तक घ्कि केवल सरकार की कवायद नहीं रह गई है, इसका सभी भारतीयों के दैनिक जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि भारतीय लोगों का कल्याण सुनिश्चित हो, चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति क्यों न हो। भारतीय विदेश नीति भारतीय लोगों की सेवा के लिए है। उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए जो भी करना पड़ेगा हम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत में जी20 की बैठकें शुरू हो चुकी हैं। हमारा प्रयास इनमें से 200 बैठकों को भारत में कई स्थानों पर आयोजित करने का है। ळ20 शिखर सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित सर्वोच्च प्रोफाइल अंतर्राष्ट्रीय सभा होगी। हम इसे एक राष्ट्रीय प्रयास के रूप में देखते हैं। इसके साथ ही उन्होंने रूस के साथ तेल खरीद को लेकर भी अपनी बाद रखी है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम अपनी कंपनियों से रूसी तेल खरीदने के लिए नहीं कहते, हम उनसे वह खरीदने के लिए कहते हैं जो उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। उन्होंने कहा कि यह बाजार पर निर्भर करता है। यह एक समझदार नीति है कि हम भारतीय लोगों के लिए अच्छा सौदा कहां से लाते हैं। विदेश मंत्री ने जहां तक गणतंत्र दिवस समारोह का संबंध है, हमने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल–सिसी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है और उन्होंने विनम्रतापूर्वक निमंत्रण स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम फिलिस्तीन पर बहुत स्पष्ट हैं, हम दो–राज्य समाध ाान का समर्थन करते हैं, जिसमें दोनों राज्य शांतिपूर्वक साथ–साथ रह रहे हैं। फिलिस्तीनी शरणार्थी कल्याण एजेंसी के लिए हमारा वित्तीय समर्थन बढ़ गया है।

श्रीलंका के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि हमने पूरे श्रीलंका को समर्थन दिया है जिसमें तमिल समुदाय, सिंहली समुदाय और अन्य सभी समुदायों के लोग भी शामिल हैं। गंभीर आर्थिक स्थिति में पड़ोसी को समर्थन देने में हमने सांप्रदायिक रुख नहीं अपनाया। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी है कि 2 साल के अंतराल के बाद, भारत 8–10 जनवरी 2023 से इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी करेगा।

# प्रदेश की गन्ना समितियों एवं प्राधिकरणों में बढ़ा हुआ डी.ए. लागू

लखनऊ। गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने गन्ना समितियों एवं प्राधिकरण के कार्मिकों को बढ़े हुए डी.ए. का तोहफा देते हुए सातवें वेतनमान की समितियों के साथ–साथ छठें एवं पॅचम वेतनमान की गन्ना समितियों तथा जिला एवं क्षेत्रीय गन्ना सेवा प्राधिकरणों में बढ़े हुए डी.ए. की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश के निबन्धक, सहकारी गन्ना समितियां संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि, प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियॉ एवं प्राधिकरणों में कार्यरत लगभग 5 हजार कार्मिकों के आर्थिक हितों में अभिवृद्धि करने तथा उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गन्ना समितियों के साथ–साथ जिला एवं क्षेत्रीय गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़ा हुआ डी.ए. स्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डी.ए. का कैलकुलेशन बेसिक–पे को आधार मानकर प्रतिशत में होता है। डी.ए. कर्मचारियों को महंगाई को ध्यान में रखते हुए उनके खर्चों को सहन करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। निबन्ध ाक ने कार्मिकों से यह भी अपेक्षा की है कि, वह विभाग की विश्वसनीयता अक्षुण्य रखने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही अपनी संस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु सदैव प्रयासरत रहें।

# शून्यकाल के अर्न्तगत लोकसभा में गूंजा जनसख्ंया नियंत्रण का मुद्दा

सासंद सत्यदेव पचौरी ने आज



लोकसभा में देश में बढ़ रही आबादी पर निशाना साधा, सासंद ने सदन में कहा कि हम सब भली भांति जानते हैं की जनसंख्या वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बेरोजगारी, पर्यावरण का अवनयन, आवासों की कमी, निम्न जीवन स्तर जैसी समस्याएँ जुड़ी रहती हैं। भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है साथ ही देश में उत्पादित खाद्यान्नों या उपलब्ध संसाधनों के परिप्रेक्ष्य में अधिक तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या आर्थिक वृद्धि दर और सामाजिक संतुलन दोनों को नकारात्मक ढंग से प्रभावित करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की कुल आबादी 1.64 बिलियन के ऑंकड़े को पार कर जाएगी एवं वैश्विक जनसंख्या में 2 बिलियन हो जाएगी । इतनी बड़ी आबादी की आधारभूत आवश्यकताओं साथ ही देश में रोजगार पैदा करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। बढ़ती आबादी के चलते लोगों को बुनियादी सुविध ाएं मुहैया नहीं हो पा रही है. भारत में दुनिया की कुल कृषि भूमि का 2 फीसदी और पेयजल का चार फीसदी है, जबकि आबादी पूरी दुनिया की 20 फीसदी है. ज्यादा आबादी के चलते लोगों को आहार, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है. आबादी पर नियंत्रण पाने से लोगों के कल्याण के लिए बनी तमाम सरकारी योजनाओं को लागू करना आसान हो जाएगा.।

# महाराष्ट्र और कर्नाटक में जारी सीमा विवाद, बेलगावी में कड़ी सुरक्षा के बीच शांति कायम



मुंबई। महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद को लेकर कन्नड़ समर्थक संगठनों के प्रदर्शन के एक दिन बाद बुधवार को कर्नाटक के बेलगावी में माहौल शांतिपूर्ण रहा। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में जारी सीमा विवाद के बीच हिंसा की घटनाएं 'दिल्ली के समर्थन' के बिना नहीं हो सकती हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने राउत पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की 'बेबुनियाद और भड़काऊ टिप्पणियां' करने से बचना चाहिए। बेलगावी में प्रदर्शन महाराष्ट्र के साथ जारी सीमा विवाद के बीच राज्य के दो मंत्रियों के मंगलवार को प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर हुआ था। दरअसल, शंभूराज देसाई और चंद्रकांत पाटिल, जिन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बेलगावी से जुड़े सीमा विवाद मामले की पैरवी कर रही कानूनी टीम के साथ समन्वय के लिए नियुक्त किया था, महाराष्ट्र समर्थक संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को शहर का दौरा करने की योजना बना रहे थे। कन्नड़ समर्थक प्रदर्शनकारियों के विरोध के कारण, दोनों मंत्रियों ने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, "क्षेत्र में पूरी तरह से शांति है। कोई विरोध–प्रदर्शन नहीं हो रहा है।"

उन्होंने बताया कि एहतियाती उपाय के तौर पर प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बीच, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं द्वारा पुणे से बेलागवी जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की अल्ट्रा डीलक्स राजहंस बस को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में विरूपित किए जाने की खबरें हैं। महाराष्ट्र इस आधार पर बेलगावी के विलय की मांग कर रहा है कि जिले में मराठी भाषियों की पर्याप्त आबादी है। हालांकि, कर्नाटक सरकार महाराष्ट्र के इन दावों को खारिज करती रही है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में जारी सीमा विवाद के बीच हिंसा की घटनाएं 'दिल्ली के समर्थन' के बिना नहीं हो सकती हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साध ाते हुए कहा कि राज्य ऐसे हमलों का जवाब देने में कमजोर साबित हुआ है। सीमा विवाद को लेकर दोनों राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और उनके महाराष्ट्र के समकक्ष शिंदे ने मंगलवार रात फोन पर एक–दूसरे से बात की और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया।

# समाजवादी पार्टी का आरोप पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं को वोट देने से रोक कर किया 'लोकतंत्र की हत्या'



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने रामपुर विधानसभा उपचुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा मतदाताओं को वोट देने से रोक कर 'लोकतंत्र की हत्या' किए जाने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग समेत देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं से इसका संज्ञान लेते हुए जांच कराने की मांग की। राज्य विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने पार्टी राज्य मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि सरकार ने मंगलवार को संपन्न रामपुर विधानसभा उपचुनाव में पराकाष्ठा कर दी। जिस तरह से पुलिस की मदद से एक खास धर्म और वर्ग के मतदाताओं को वोट देने से जबरन रोका गया, वह लोकतंत्र की हत्या के समान है। उन्होंने कहा, "हम निर्वाचन आयोग सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं से अपील करते हैं कि वे रामपुर उपचुनाव के दौरान हुई ज्यादती का स्वतरू संज्ञान लेते हुए जांच कराएं क्योंकि यह मामला किसी व्यक्ति का नहीं है बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का है।" पांडे ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान रामपुर में पुलिस की कथित ज्यादतियों के पीड़ित लोगों के वीडियो भी दिखाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार सबसे बड़ा हक है और सरकार ने इसे छीन लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर में निष्पक्ष चुनाव की मांग करने वालों को लाठियों से बुरी तरह पीटा गया। इस सवाल पर कि क्या सपा रामपुर उपचुनाव के मसले को अदालत तक ले जाएगी, पांडे ने कहा, "हमें अब भी निर्वाचन आयोग पर भरोसा है कि वह इन तमाम तथ्यों की पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही करेगा।" गौरतलब है कि रामपुर विधानसभा सीट आजम खां को वर्ष 2019 में नफरत भरा भाषण देने के मामले में पिछले महीने तीन साल की सजा सुनाए जाने के कारण उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते खाली हुई थी। इस सीट के उपचुनाव के तहत गत सोमवार को 33.94 प्रतिशत मतदान हुआ था। आजम खां के परिजन ने भी पुलिस पर मुस्लिम मतदाताओं को घर से नहीं निकलने देने और वोट डालने जा रहे लोगों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया था। पांडे ने राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की अवधि को पूर्व निर्धारित तीन दिन के बजाय दो ही दिनों में समाप्त कर देने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं चाहती, इसलिए एक साजिश के तहत सत्र को दो ही दिनों के अंदर समाप्त कर दिया गया।






# केंद्र और RBI को प्रासंगिक रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश, नोटबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एससी ने सुरक्षित रखा फैसला



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में 500, 1000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बैच में फैसला सुरक्षित रख लिया है। नोटबंदी के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने वाले सुप्रीम कोर्ट के जजों ने यह राय जाहिर करते हुए कई अहम टिपप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाध ाीशों ने कहा, ष्हम चुपचाप नहीं बैठेंगे और इसे लागू करने के तरीके को देखेंगे क्योंकि यह एक आर्थिक निर्णय है।ष्जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागरत्ना की संविधान पीठ ने 58 याचिकाओं के एक बैच में दलीलें सुनीं। पीठ ने पक्षकारों को 10 दिसंबर तक लिखित दलील देने की अनुमति दी। कोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से संबंधित रिकॉर्ड पेश करने को भी कहा। भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में पेश किया जाएगा। सुनवाई के दौरान, बेंच ने कहा था कि वह सिर्फ इसलिए हाथ जोड़कर नहीं बैठेगी क्योंकि यह एक आर्थिक नीति का फैसला है और कहा कि वह उस तरीके की जांच कर सकती है जिसमें फैसला लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मोदी सरकार ने 2016 में लिए अपने नोटबंदी के फैसले का बचाव किया है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि 2016 की नोटबंदी एक ष्सुविचारितष् फैसला था और ये आतंकके वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी के खतरे से निपटने के लिए एक बड़ी रणनीति का हिस्सा था। बता दें कि 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने 500 और 1,000 रुपये के नोटों को बंद करने के केंद्र सरकार के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक से विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा था।

# सांसद पाल ने उठाया लोकसभा में किसानों की समस्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल ने सिद्धार्थनगर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों और गरीब लोगों को बाढ़ से हुए नुकसान के आकलन करने के लिए एक केन्द्रीय अध्ययन टीम भेजने कि मांग संसद भवन में किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने आज लोकसभा में शून्य काल के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र सिद्धार्थनगर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूढ़ी राप्ती नदी, राप्ती नदी और गंडक नदी के बढ़ते स्तर के कारण सिद्धार्थनगर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व बाढ़ कि समस्या का मुद्दा उठाया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में बाढ़ के कारण सिद्धार्थनगर के 8730 हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो गई और 580 गाँव बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश के 21 जिलों के 2235 गाँव लगातार बारिश, नदियों के




उफान और तटबंध टूटने के कारण जलमग्न हो गया। अक्टूबर के पहले 12 दिनों में, यूपी ने सामूहिक रूप से 145.3 डड बारिश दर्ज की है, जो की सामान्य बारिश कि तुलना में 657: की अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई है। प्रभावित जिलों में मेरा अपना सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती आदि शामिल हैं। सांसद ने आगे बताया कि इस बाढ़ से करीब न्च् के 13.5 लाख लोग सीध् ा तौर पर प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण किसानों कि ध् ाान की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई है। साथ ही कई मकान और सड़क ध्वस्त हो गये। इसलिए वह केंद्र सरकार से अनुरोध करते है कि यूपी राज्य में उत्तर प्रदेश के किसानों और गरीब लोगों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक केन्द्रीय अध् ययन टीम भेजने का कष्ट करे। जिससे अध् ययन दल उचित आकलन के बाद किसानों व अन्य लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का कार्य सुनिश्चित करे।

# समूह की महिलाओं ने चलाया लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिद्धार्थनगर के अंतर्गत बढनी ब्लाक में स्वयं सहायता समूह द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान चलाया गया। ब्लाक के बी एम एम की मौजदूगी में समाज में व्याप्त महिलाओं से जुड़ी समस्या के विरुद्ध यह कार्यक्रम किया गया। समूह की महिलाओं ने अपनी सामाज में नैतिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक संकल्प लिया। महिलाओं ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। भारत सरकार ने लिंग आधारित हिंसा के प्रति महिलाओं व पुरुषों को नैतिक जिम्मेदारी निभाने और सामाजिक विकास के लिए एक कार्यक्रम चलाई है। उसी क्रम में प्रत्येक विभाग व सामाजिक संस्थाओं द्वारा 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक रैली और गोष्ठी के माध्यम से समाज में जागरूक करने का कार्यक्रम चल रहा है।




सिद्धार्थनगर के बढनी ब्लाक में सैकड़ों महिलाओं द्वारा लिगं आध् ाारित हिंसा के लिए प्रति ब्लाक सभागार से मुख्य मार्ग तक रैली निकाली गई। उसके बाद सभी महिलाओं ने संकल्प लिया। ब्लाक मिशन प्रबंधक अमित कुमार ने संकल्प पत्र को पढ़कर महिलाओं को संकल्प दिलाया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट मिशन प्रबंधक विमलेश कुमार, मुकेश कुमार, बी एम एम उमेश कुमार भरद्वाज, कमलेश बेनवशी, कम्प्यूटर आपरेटर राजेश कुमार, सी एल एफ पदाध् ाकारी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध् यक्षता तथा मुख्य विकास अध् ाकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कार्यदायी संस्थाओ के संबधित अध् ाकारियो से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्था के संबधित अध् ाकारियों को निर्देश दिया कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूर्ण कराये। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को बकाया बिजली बिल को जमा कराने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में बचे हुए सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाध् ाकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अध् ाकारी को गोशाला का निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा वहां पर गोवंश के लिए पर्याप्त चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पशुओं का टीकाकरण कराया जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगो को गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित करे। जिलाध् ाकारी ने निर्देश दिया कि महाअभियान चलाकर निराश्रित गौवंश को गौशाला में रखवायें। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खंड को रोस्टर वार नहरों में अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्य में प्रगति लाकर बनवाने का निर्देया दिया। जिलाध् ाकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना), महिला नसबन्दी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, डी.सी.एन. आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रोवेशन अध् ाकारी विनोद राय, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, सहायक निदेशक मत्स्य पुष्पा तिवारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला दिव्यांग जनशस्कतीकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, नलकूप, तथा समस्त संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बांसी में मनाई गई डॉ राम आशीष सिंह की छठवीं पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन



अटेवा सिद्धार्थनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्वर्गीय डॉ राम आशीष सिंह की छठवीं पुण्यतिथि स्थानीय तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज बांसी में मनाई गई। बताते चलें कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा के नेतृत्व में 7 दिसंबर 2016 को लखनऊ विध् ाानसभा के सामने प्रदेश के तमाम शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जा रहा था इसी दौरान पुलिस लाठी चार्ज में भगदड़ मच जाने के कारण कुशीनगर के शिक्षक डॉ राम आशीष सिंह की मौत हो गई, जिस के क्रम में प्रतिवर्ष अटेवा द्वारा उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है, इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में डॉ कृष्ण कुमार, अवधेश सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, वकील अहमद खान, कृष्ण चौधरी, आनंद शुक्ल, मनीष दूबे इत्यादि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा यह संकल्प लिया कि उनकी शहादत बेकार नहीं जाएगी आज देश के पांच प्रदेशों में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू हो चुकी है और हम सभी लोग यदि एकजुट रहें तो एक ना एक दिन पूरे देश में पुरानी पेंशन अवश्य बहाल होगी, इस दौरान जयराम यादव, गिरीश चौधरी, मनोज कुमार सिंह, हरिओम यादव, शिव आश्रय, अरुण कुमार वर्मा, रघुवंश मणि, अजय वर्नवाल, मुकेश कश्यप, अब्दुल मुजीब, विपिन राठौर, सुदेश, अर्चना, श्वेता श्रीवास्तव, अंजना शर्मा, संगीता श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, संजय जायसवाल, जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, श्रवण कुमार, अनिल कुमार प्रजापति, रमा मिश्रा, प्रशान्त चौधरी, चांदनी, पल्लवी, दिव्या, विनोद चौधरी अर्जुन कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भगवद्गीता को लेकर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में परिचर्चा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर





के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बुद्धवार को विद्यार्थियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के विविध आयामों को लेकर परिचर्चा, पोस्टर मेकिंग, श्लोकान्त्याक्षरी आदि के द्वारा प्रतिभाग किया। एम ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र शिवम त्रिपाठी एवं आनन्द कुमार, वन्दना सुषमा, अवंतिका ने गीता श्लोक पाठ,बी. ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कल्पना त्रिपाठी सोनाली कसौधन एवं महाजन कसौधन ने श्लोकान्त्याक्षरी, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रूपाली, प्राची, मोहन स्वरूप एवं आशिष ने कृष्ण कथा, अभिषेक रस्तोगी, अंतिमा शुक्ला, खुशी मिश्रा, रजनीश ने गीता आधारित छायाचित्रांकन एवं शोध छात्र शिशिर मिश्रा अरुंधती दूबे ने संस्कृत गीत के माध् यम से कार्यक्रम में सोत्साह प्रतिभाग किया। संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य एवं प्रभारी डॉ. आभा द्विवेदी ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्त्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता को बताया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया।

# आम जनता की पुकार, नगर पंचायत फिर से पकड़े विकास की रफ्तार

## विकास के साथ चले, नशा के खिलाफ अभियान

दिलीप श्रीवास्तव/

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज में नगर पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियाँ तेज हो गयी है। डुमरियागंज के नए नगर पंचायत अध्यक्ष को लेकर लोगों के बीच चर्चा भी शुरू हो गया है। कोई सपा तो कोई बसपा और कोई भाजपा तो कोई कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनाव जिताता हुआ नजर आ रहा है हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित नही किया है लेकिन आम नागरिक अपने नेता को जिताने के लिए तमाम तरह के तर्क लोगों के बीच रख कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी टीम ने जब कई होटलों पर जा कर लोगों से बात की तो लगभग सभी लोगों ने ये माना कि जितना विकास होना चाहिए था उतना विकास नही हुआ बावजूद इसके वो इस बात का समर्थन करते हुए भी नजर आये कि जिस पार्टी या कैंडिडेट के पास जातिये गणना सटीक बैठेगा वही नया नगर पंचायत अध्यक्ष होगा। आइये देखते हैं अलग अलग क्षेत्र के लोगों ने अपने नए नगर पंचायत अध्यक्ष को लेकर क्या कहा। युवा व्यापारी एवं समाजसेवी









राहुल अग्रहरि ने साफ शब्दों में कहा कि अब हमें विकास चाहिए, हमें ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो सही मायने में हमारे नगर पंचायत को आदर्श बना सके और हम उसे ही वोट करेंगे जो हमारी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखता हो। प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले रमेश ने भी कहा कि वो उसी कैंडिडेट को वोट करेंगे जो सड़कों की बदहाल स्थिति को सुधार सके, हमारी बहन बेटियों को सुरक्षा दे सके और वो सिर्फ और सिर्फ विकास की बात करे। व्यापारी सोनू ने भी माना कि पिछले 5 वर्षों में सडकेँ बद से बदतर होती गयीं, जल निकासी की कोई व्यवस्था नही बन पाया, दवाइयों का छिड़काव ना के बराबर हुआ, जबकि सभासद और नगर पंचायत अध्यक्ष बजट ना होने का रोना ही रोते रहे, सोनू ने भी माना कि उनका वोट सिर्फ उसी को होगा जो विकास की बात ही ना करे बल्कि विकास भी करे। समाजसेवा में अग्रणी सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने कहा कि हमने नगर पंचायत में विकास के लिए वोट दिया था लेकिन दुर्भाग्य से हमारा नगर पंचायत पांच साल आगे जाने के बजाय 10 साल पीछे चला गया, ना सडकेँ, ना जल निकासी की व्यवस्था, ना कूड़ा रखने की व्यवस्था, ना ही दवाओं का छिड़काव, और ना ही सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था जैसी अनगिनत समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि इस बार हम वोट सिर्फ विकास के लिए ही नहीं देंगे बल्कि ऐसे उम्मीदवार को देने का प्रयास करेंगे जो नशा के खिलाफ हमारे समाज को जागरूक भी कर सके।

# आंगनबाड़ी केन्द्र भवनो के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। आंगनबाड़ी केन्द्र भवनो के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुई। जनपद के 172 आंगनबाड़ी केन्द्रो भवनों के जीर्णाद्वार के संबध में जिलाध् ाकारी ने बताया कि शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराया गया है।





जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानो से कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में छोटे बच्चे पढ़ने आते है। आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्तापूर्ण कराये। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ब्लैक बोर्ड नीचे बनाये जिससे छोटे बच्चों को परेशानी न हो। आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चत करे। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि आंगनबाडी केन्द्रों का जीर्णोद्वार से पूर्व एवं जीर्णोद्वारा के बाद के फोटोग्राफ्स सुरक्षित रखे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभांगी कुलकर्णी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, समस्त बाल विकास परियोंजना अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, व ग्राम प्रधान आदि उपस्थित थे।

सांसद खेल महाकुंभ के लिये निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगि

## सम्पादकीय

**एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब हर महीने हजारों साइबर हमले हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्राइवेट सेक्टर में साइबर बीमा एक बड़े धंधे के रूप में उभर रहा है। मगर असल सवाल यह है कि ऐसे हमलों को कैसे रोका जाए और हैकरों को कैसे पकड़ा जाए। वर्तमान सत्ताधारी पार्टी पहले की सरकारों पर भारत को सॉफ्ट स्टेट बना देने ...**

# साइबर सुरक्षा में लचर

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब हर महीने हजारों साइबर हमले हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्राइवेट सेक्टर में साइबर बीमा एक बड़े धंधे के रूप में उभर रहा है। मगर असल सवाल यह है कि ऐसे हमलों को कैसे रोका जाए और हैकरों को कैसे पकड़ा जाए। भारत के सबसे प्रतिष्ठित अस्पताल– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में साइबर हमला होने के 11 दिन बाद तक हैक हुए डेटा को बहाल नहीं किया जा सका। ना ही भारतीय एजेंसियां पक्के तौर पर यह पता लगा पाईं कि ये हैकिंग किसने की। ऐसे कयासों का कोई मतलब नहीं है कि इसके पीछे चीनी हैकरों का हाथ हो सकता है। जरूरत ऐसे ठोस निष्कर्ष की है, जिसके आधार पर (अगर यह कयास सही है तो) चीन सरकार के दो टूक बातचीत की जा सके। बहरहाल, वैसे साक्ष्य तभी प्राप्त होगा, अगर देश के अंदर साइबर सुरक्षा की पुख्ता और चुस्त व्यवस्था होगी। यहां यह याद करना प्रासंगिक है कि पिछले साल अमेरिका के टेक्सस राज्य में तेल और गैस आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी के डेटाबेस पर साइबर हमला हुआ था। कई दिनों तक तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित रही। तब हैकरों को मोटी रकम फिरौती के रूप में देकर सिस्टम को



दोबारा चालू किया गया। लेकिन महीने भर के अंदर अमेरिकी एजेंसियों ने हैकरों को धर–दबोचा। उनसे वो रकम वापस ले ली गई, जो उन्होंने वसूली थी। बताया जाता है कि तब से हैकर अमेरिकी डेटा में हाथ डालने से बच रहे हैं। बेशक ऐसी ही मिसाल भारत में भी कायम करने की जरूरत है। लेकिन यहां ऐसा होता नहीं दिख रहा है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब हर महीने हजारों साइबर हमले हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्राइवेट सेक्टर में साइबर बीमा एक बड़े धंधे के रूप में उभर रहा है। मगर असल सवाल यह है कि ऐसे हमलों को कैसे रोका जाए और हैकरों को कैसे पकड़ा जाए। वर्तमान सत्ताधारी पार्टी पहले की सरकारों पर भारत को सॉफ्ट स्टेट बना देने का आरोप लगाती थी। लेकिन अब उसके शासन काल में भारत कितना श्हार्ड स्टेट्य बना है, उसकी असल परीक्षा हाई टेक क्षेत्र में ही है। फिलहाल, इस इम्तिहान में यह राज्य पास होता नहीं दिख रहा है। साइबर सुरक्षा पर आसन्न खतरे से परिचित लोगों को एम्स के घटनाक्रम ने झकझोर दिया है। लेकिन इससे सरकारी तंत्र भी हिला है, इसके संकेत फिलहाल मौजूद नहीं हैं।

# सरकारों के लिए उपचुनाव के नतीजे अहम

विधानसभा की छह और लोकसभा की एक सीट पर उपचुनाव पांच राज्यों की सरकारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। इनमें से तीन राज्य ऐसे हैं, जहां अगले एक से डेढ़ साल में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले यह संभवतरू आखिरी उपचुनाव है। इन उपचुनावों में जो पार्टी जीतेगी वह अपनी हवा बनाएगी और उससे चुनाव का मूड जाहिर होगा। ये तीन राज्य हैं– राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिघ्शा। इनमें से राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं और ओडिघ्शा में डेढ़ साल के बाद लोकसभा के साथ चुनाव हैं।

ओडिघ्शा का मामला और दिलचस्प है क्योंकि पिछले महीने नवंबर में हुए उपचुनाव में भाजपा ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को हरा कर जीत हासिल की थी। भद्रक इलाके में आने वाली धामनगर विधानसभा सीट पिछले चुनाव में भाजपा ने जीती थी और उपचुनाव में भी उसने यह सीट जीत ली। इस लिहाज से यह बड़ी बात नहीं होनी चाहिए थी लेकिन बीजू जनता दल का रिकॉर्ड है कि वह 2009 के बाद हर उपचुनाव में जीती है। सो, धामनगर हारने के बाद वह सावधान हो गई और पद्मपुर सीट पर बेहतर रणनीति के साथ लड़ी है। पद्मपुर सीट पर बीजद विधायक बिजय रंजन सिंह बरिहा जीते थे, जिनके निधन से यह सीट खाली हुई है। इसलिए बीजद के लिए यह और प्रतिष्ठा वाला मुकाबला है।

राजस्थान की सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ है। यह सीट पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जीती थी और कांग्रेस के भंवरलाल शर्मा के निधन से सीट खाली हुई है। पार्टी में चल रही गुटबाजी और प्रभारी महासचिव अजय माकन के इस्तीफे के बीच चुनाव हुआ है। अशोक गहलोत सरकार के लिए यह सीट बहुत प्रतिष्ठा वाली है। ऐसे ही छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर सीट कांग्रेस के मनोज सिंह मांडवी के निधन से खाली हुई थी। सो, भूपेश बघेल सरकार के लिए भी यह सीट बचाने की बड़ी चुनौती है। बिहार में एक और उत्तर प्रदेश में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ है और लोकसभा की एक सीट पर भी उपचुनाव हुआ है। लेकिन दोनों राज्य सरकारों के लिए यह मामला वैसा नहीं है, जैसा बाकी तीन राज्यों में था। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 के अंत में होना है और उत्तर प्रदेश में तो विधानसभा अभी आठ महीने पहले ही बनी है। इसके बावजूद दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल ने पूरी ताकत लगाई। उपचुनाव के प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गए तो बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सहयोगी पार्टी राजद के नेता व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ जाकर कुढनी में चुनाव प्रचार किया। यह सीट उनके लिए प्रतिष्ठा वाली इसलिए है क्योंकि राजद ने अपनी जीती हुई सीट उनकी पार्टी जदयू के लिए छोड़ी थी। राजद के अनिल कुमार सहनी के अयोग्य होने से यह सी खाली हुई थी। इस सीट के नतीजे का बिहार की राजनीति पर बड़ा असर होगा।

# अर्थव्यवस्था : भारत की मजबूती दिखती है

**कृषि क्षेत्र में ताजा वृद्धि मुख्य रूप से कृषि संबंधी गतिविधियों में तेजी आने की वजह से संभव हुई है, क्योंकि इन महीनों में फसल की कटाई की गतिविधियां कम हुई हैं। यह सकारात्मक संकेत है। जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2023 में 7.00 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और उम्मीद है कि भारत आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा। अभी दुनिया के देशों में अनिश्चितता का माहौल है। महंगाई और ...**

सतीश सिंह

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2023 की सितम्बर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही और अनुमान है कि आगामी तिमाहियों में इसमें सुधार आएगा और चालू वित्त वर्ष में यह 7.00 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 13.5प्रतिशत रही थी। केंद्रीय बैंक की तरह रॉयटर्स और ब्लूमबर्ग ने भी सितम्बर तिमाही में जीडीपी वृद्धि के 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

सितम्बर तिमाही में सेवा क्षेत्र के तहत व्यापार, होटल व परिवहन, वित्तीय व रियल एस्टेट एवं लोक प्रशासन व अन्य सेवाओं में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे जीडीपी, अनुमानित वृद्धि दर को बरकरार रखने में सफल रहा। इस अवधि में विनिर्माण क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया, क्योंकि बैंकों द्वारा ऋण ब्याज दर बढ़ाने और महंगाई की वजह से कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ी और उनका मुनाफा मार्जिन प्रभावित हुआ, जिससे विनिर्माण गतिविधियां बाधित हुई। सेवा क्षेत्र यानी व्यापार, होटल, परिवहन आदि सेवाओं में पहली बार वृद्धि की रफ्तार वित्त वर्ष 2020 की सितम्बर तिमाही की तुलना में 2.1 प्रतिशत अधिक रही और कोरोना महामारी के पहले के मुकाबले जीडीपी में कुल 7.6प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में बुनियादी कीमत पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 5.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी हुई। पिछले साल की तुलना में शुद्ध आयात भी लगभग दोगुना हो गया और सालाना आधार पर इसमें 89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निजी खर्च में वृद्धि 9.7 प्रतिशत दर्ज की गई, क्योंकि उपभोक्ताओं ने महंगाई के दबाव के बावजूद अधिक कीमत वाले सामानों पर ज्यादा खर्च किया, जबकि सरकारी खर्च में 4.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जो इस बात का संकेत है कि आमजन खर्च करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं और केंद्र व राज्य सरकारों ने सितम्बर तिमाही के दौरान अपने खर्च पर नियंत्रण रखने में सफल रही हैं।

भारत का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर महीने के 55.3 से थोड़ा बढ़कर नवम्बर महीने में 55.7 हो गया। यह नये ऑर्डर, उत्पादन में वृद्धि और महंगाई में आई आंशिक कमी की वजह से 3 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पीएमआई में वृद्धि इस बात का संकेत है कि विनिर्माण की गतिविधियों में तेजी आ रही है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भी विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन और मांग में सुधार दृष्टिगत हो रहा है। अक्तूबर महीने में महंगाई में आंशिक कमी आने से कंपनियों के इनपुट लागत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इन दो महीनों में नई मांग और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अक्टूबर और नवम्बर महीने में पीएमआई में उछाल आने से यह अनुमान लगाया जा रहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसम्बर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में बेहतरी आएगी।

खनन क्षेत्र में उत्पादन दर में 2.8 प्रतिशत की गिरावट आने और महंगाई के मोर्चे पर उल्लेखनीय सफलता नहीं मिलने और ऋण ब्याज दरों में वृद्धि होने की वजह से कुछ अर्थशास्त्री कयास लगा रहे हैं कि भारत की वृद्धि दर आगामी तिमाहियों में और भी कम हो सकती है। दूसरी तरफ, त्योहार भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति का परिचायक है और इस पहलू को विकास के साथ हमेशा से जोड़ा जाता रहा है। साथ ही, अगर लोगों के पास पैसा रहेगा तभी वे खर्च करेंगे। इसलिए यह कहना कि त्योहार की वजह से लोगों ने अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर महीने में खर्च किया या फिर इस अवधि के दौरान मांग में वृद्धि हुई या फिर निवेश में इजाफा हुआ गलत होगा। सितम्बर और अक्टूबर 2022 के आंकड़ों के अनुसार वेतन वाली नौकरियां कोरोना महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गई हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि नवम्बर और दिसम्बर महीने में इसमें और भी सुधार होगा। शहरी क्षेत्र में सितम्बर महीने में 21.4 लाख और अक्टूबर महीने में 22.6 लाख रोजगार सृजित हुए। हालांकि, इन महीनों के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन चालू वित्त वर्ष की सितम्बर तिमाही में कृषि एवं संबंधित गतिविधियों में स्थिर मूल्य पर 4.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछली तिमाही से अधिक है से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में बेहतरी आने की संभावना बढ़ी है। कृषि क्षेत्र में ताजा वृद्धि मुख्य रूप से कृषि संबंधी गतिविधियों में तेजी आने की वजह से संभव हुई है, क्योंकि इन महीनों में फसल की कटाई की गतिविधियां कम हुई हैं। यह सकारात्मक संकेत है। जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2023 में 7.00 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और उम्मीद है कि भारत आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा। अभी दुनिया के देशों में अनिश्चितता का माहौल है। महंगाई और विकास की सुस्त वृद्धि दर से विकसित देशों समेत दुनिया भर के अधिकांश देश मंदी की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से विकास की दिशा में अग्रसर है।

**वैश्विक कौशल अंतर, रोजगार के नए रूप, गिग और प्लेटफश्र्म अर्थव्यवस्था का उदय, प्रभावी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय श्रम बल गतिशीलता के मुद्दों पर हम सभी को कुछ योगदान देना है। इन मुद्दों के बीच, जी20 प्रक्रियाओं और एल–20 जैसे विचार–विमर्श समूहों की भागीदारी को आपस में जोडने वाले घटक, श्रम कल्याण ...**

# जी20 भारत में एल 20: श्रमिक वर्ग के लिए कार्यरत

हिरण्मय पंड्या

कोविड–19 महामारी ने हमें वैश्विक जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौतियों और कमियों के प्रति सचेत किया है। महामारी के सदमे ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को समान रूप से प्रभावित किया। वैज्ञानिक समुदाय, स्वास्थ्यकर्मियों, नीति निर्माताओं, जागरूक नागरिकों के अथक और सहयोग से जुड़े प्रयासों के कारण, हम अब काफी हद तक इससे उबर चुके हैं। हालाँकि, दुनिया भर कुछ घटनाक्रमों, जैसे मुद्रास्फीति की उच्च दर और रूस–यूक्रेन संघर्ष, के कारण स्थितियों के सामान्य होने में बाधायें उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों और कंपनियों के कुछ समूहों पर अनुपात से अधिक कुप्रभाव के कारण श्रम बाजार की असमानताओं में भी वृद्धि हुई है, जिसने विकसित तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच अंतर को और बढ़ाया है। इसके साथ ही, सरकारों और नागरिक समाज के समन्वित प्रयासों ने संसाधनों के समान वितरण के लिए एक सेतु का काम किया है। उदाहरण के लिए, सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान से, खासकर लॉकडाउन अवधि के दौरान, लोगों को इस कठिन समय का मुकाबला करने में मदद मिली। यह उन श्रमिकों के लिए भी सहायक था, जिनकी या तो नौकरी चली गई थी या उन्हें वेतन में कटौती का सामना करना पड़ रहा था। सरकार और नागरिक समाज के बीच यह सामंजस्य, न केवल संकट को कम करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि इसने नीतिगत योजनायें भी तैयार की, जो दीर्घकालिक राहत प्रदान करने में सफल रहीं।

हालांकि, अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। भारत की जी20 अध्यक्षताय स्थिति का जायजा लेने, इन चुनौतियों की गंभीरता का आकलन करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी प्रतिबद्धताओं के नवीनीकरण का अवसर प्रदान करती है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एक मजबूत सुधार के बावजूद, वैश्विक स्तर पर काम के घंटों की संख्या, पूर्व–कोविड स्तरों से 1.5 प्रतिशत नीचे बनी हुई है। यह लगभग 40 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों की हानि के बराबर है। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय श्रम बाजार में भी भिन्नताएं बढ़ रहीं हैं। उदाहरण के लिए, सेवा प्रदाता और सेल्स जैसे षनिम्न और मध्यम कुशलष नौकरियों की तुलना में षउच्च कुशल, उच्च भुगतान वालेष व्यवसायों में मजबूत वापसी हुई है। इन घटनाक्रमों से असमानता प्रत्यक्ष रूप से बढ़ी है तथा गरीब एवं वंचित समुदायय और गरीब हो रहे हैं तथा हाशिए पर जाने के लिए बाध्य हैं। महामारी के कारण देखभाल (कार्य) अर्थव्यवस्था पर भी बहुत प्रभाव पड़ा, जिसका बोझ महिलाओं को अधिक अनुपात में सहन करना पड़ा। इन मुद्दों की पहचान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें संरचनात्मक और प्रणालीगत समाधानों पर रणनीतिक रूप से विचार–विमर्श करने की सुविधा देगा तथा जो त्वरित और समावेशी वापसी (रिकवरी) के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। इस संदर्भ में, कार्रवाई–उन्मुख लक्ष्यों के आधार पर काम करना समय की मांग है – एक ऐसा अवसर, जो जी20 सभी हितधारकों को प्रदान करता है।

जी–20 की बैठक आम सहमति बनाने और उन मुद्दों पर मिलकर काम करने के लिए बेहद उपयुक्त समय पर हो रही है, जो न केवल सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने, बल्कि सभी क्षेत्रों को सहनीय बनाने के लिए भी आवश्यक हैं। यह वैश्विक श्रम बाजार के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां बदलती कार्यप्रणाली और आर्थिक अस्थिरता, श्रमिक वर्ग को कमजोर बनाती है। इन उद्देश्यों को देखते हुए, श्रम–20 (एल–20) सभी ट्रेड यूनियनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम मुद्दों और सामाजिक श्रम आंदोलनों पर विचार–विमर्श करने का एक मंच बन जाएगा तथा यह मंच बाद में उन समाधानों को सामने रखेगा, जिन पर राष्ट्रीय संदर्भों में कार्रवाई की जा सकती है।

एल–20 के विशेष ध्यान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है – दुनिया भर में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा का कवरेज बढ़ाना। सामाजिक सुरक्षा एक गतिशील अवधारणा है, जिसके स्वरूप और जिसकी परिभाषा में समय के साथ बदलाव हुए हैं। तेजी से हुए तकनीकी बदलावों ने सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा के नए आयामों का पता लगाना आवश्यक बना दिया है। गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्क की शुरुआत के साथ, कंपनियों की जीवन–अवधि छोटी होती जा रही है और एक नए प्रकार का नियोक्ता–कर्मचारी संबंध विकसित हो रहा है, जिसके बारे जानकारी व समझ अभी भी प्रारंभिक चरण में है। रोजगार से जुड़े सामाजिक सुरक्षा के नियम, जो पहली औद्योगिक क्रांति के बाद उभरे थे और जो दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान परिपक्व हुए, उन्हें उद्योग 4.0 के युग में फिर से लिखे जाने की आवश्यकता है।

जी20 के विभिन्न कार्य और विचार–विमर्श समूहों ने उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा की है। हाल ही में बाली, इंडोनेशिया के जी20 श्राजनेताओं की घोषणाय में तथा अन्य दस्तावेजों में भी इनका उल्लेख किया गया है। इन महत्वपूर्ण चिंताओं पर ध्यान देने और कार्रवाई योग्य लक्ष्यों को रेखांकित करने के लिए जी20 के तहत नीति वक्तव्य और फ्रेमवर्क विकसित किए गए हैं। कोविड–19 महामारी से रिकवरी को बढ़ावा देने के लिए एल–20 के प्रतिनिधि समग्र रणनीतियों की अवधारणा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से बैठक में भाग लेंगे। श्रमिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवधानों से भी संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ मेंय आगे की कार्ययोजना, अब तक की उपलब्धियों की पड़ताल करने और उन मुद्दों की पहचान करने से जुड़ी है, जहां अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, शिक्षा और कौशल स्तर, महिला श्रम बल भागीदारी, सामाजिक सुरक्षा कवरेज, जनसांख्यिकीय चरण आदि के सन्दर्भ में देशों के बीच भारी अंतर मौजूद है। हम विभिन्न अनुभवों के साथ यहां आते हैं और यही हमारी ताकत है। वैश्विक कौशल अंतर, रोजगार के नए रूप, गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था का उदय, प्रभावी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय श्रम बल गतिशीलता के मुद्दों पर हम सभी को कुछ योगदान देना है।

इन मुद्दों के बीच, जी20 प्रक्रियाओं और एल–20 जैसे विचार–विमर्श समूहों की भागीदारी को आपस में जोडने वाले घटक, श्रम कल्याण की प्रगति से जुड़ी प्रतिबद्धता को सशक्त बना रहे हैं और इन्हें एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विजन में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।



# जिलाधिकारी ने जीआईसी में डिजिटल क्लास रूम का किया भव्य उद्घाटन

सीतापुर। हमारा सतत प्रयास है ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली के साथ–साथ नवाचार के माध्यम से किस प्रकार से रुचिकर शिक्षा की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। इसके लिए ही राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में डिजिटल क्लासरूम की स्थापना कराई गयी है। ग्रामीण प्रदेश से आने वाले बच्चों को यूट्यूब के माध्यम से पीडी के माध्यम से अपनी स्लाइड तैयार करके प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे एन0डी0ए0, सी0डी0एस0, सिविल, वन डे एक्जाम से संबंधित परीक्षा के सिलेबस को इंटर में पढ़ने वाले छात्रों को बताना है और उनके लक्ष्य के अनुसार आप सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना है, क्योंकि किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन की अति आवश्यकता होती है। यह बात जिलाधिकारी अनुज सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन के मौके पर कही।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी अनुज सिंह व सीडीओ ने राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इसके पश्चात एक साथ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन कर डिजिटल क्लास रूम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर, मोहम्मद इसरार, सचिन मिश्रा, रवि सक्सेना, शिव कुमार त्रिवेदी, राकेश वर्मा सभी ने क्रमशः मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप तिवारी, सहसंयोजक डॉक्टर नरेंद्र सिंह उप प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, अतिथि हर्ष मवार समाज कल्याण अधिकारी सहसंयोजक को बैज लगाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल प्लस भारत सरकार के डिजिटलीकरण के सपनों को पूरा करेगी और साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के बच्चे नवाचार के माध्यम से पढ़ सकेंगे। सभी का स्वागत करते हुए अपनी वाणी को विराम किया। उन्होंने कहा कि आपको अथक प्रयास करके विद्यार्थियों को भारत के नव निर्माण के लिए तैयार करना है। इस डिजिटल क्लास मैं आप सभी शिक्षक अपने सिलेबस को पढ़ाने के साथ–साथ अन्य प्रकार के नवाचार करके क्लास में बच्चों को को कुछ नया करने का जज्बा पैदा कर सकते हैं एवं सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के लिए प्रतिदिन सोचना है कि लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें। इसके लिए सतत संवेदनशील रहना है। असंभव में संभव के जीने की कला विद्यार्थियों को गुरुजनों से सीखने को मिलती है। इस प्रकार सभी को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि अक्षत वर्मा मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजटल क्लास रूम में आप सभी क्रिएटिव क्लास के माध्यम से पढ़ा सकते हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री का कलेक्शन कर बच्चों को उच्च स्तर तक स्थापित करने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं रुचिकर क्लास बनाकर अध्यापकों से पढ़ाने का निवेदन किया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापित करते हुए डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह डिजिटल क्लास वास्तव में राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के लिए गौरव का क्षण लेकर आई है। ग्रामीण परिवेश के बच्चों को अच्छा सीखने को मिलेगा एवं सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की इसके पश्चात जिलाधिकारी अनुज सिंह को स्मृति चिन्ह के रूप में समवेदना पुस्तक जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप तिवारी ने भेंट की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अक्षत वर्मा मुख्य विकास अधिकारी को दिव्य काशी भव्य काशी पुस्तक लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर ने भेंट की। कार्यक्रम का सफल संचालन आशीष कश्यप भैया ने किया इस अवसर पर राकेश वर्मा, रवि सक्सेना, डॉक्टर शादाब आलम, वीरेश सिंह, मोहम्मद इसरार सचिन बाजपेई, योगेश मिश्रा, योगेश शुक्ला ,अनिल कुमार शुक्ला प्रवीण श्रीवास्तव अरविंद मोहन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी अनुज सिंह ने राजकीय इण्टर कालेज के प्रागंण ने स्थापित राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्कालय में पुस्तकों के रख–रखाव को देखा एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## दंगल कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिला पहलवानों ने दिखाये दांव पेंच

सिधौली (सीतापुर)। श्री गांधी विद्यालय पड़ाव मैदान पर चल रहे दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में अंतिम दिन महिला पहलवान शबनम ने अर्चना को पटखनी दी तो सैकड़ों दर्शकों भरा ग्राउंड तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पुरूष पहलवानों के साथ साथ महिला पहलवानों ने भी दांव पेंच में दिखाये। कस्बा सिधौली के श्री गाँधीविद्यालय के पड़ाव मैदान पर 5 दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के मीडिया प्रतिनिधि अमित मोहन व समाजसेवी ललित मिश्र द्वारा कुश्ती का उद्घाटन किया। पहलवान राजू थापा को शमशेर पहलवान ने हराया। शंकर थापा को सोनू महाराज पहलवान ने पटकनी दी। बंटी हरियाणा से हर्ष शर्मा पहलवान विजयी रहे। हरियाणा के मोहित पहलवान को दिल्ली के पहलवान सतपाल ने पटका देहरादून के विशाल पहलवान को हरियाणा के विजय पहलवान ने हराया। लखनऊ के हर्ष शर्मा ने शंकर थापा को हरा दिया। महिला पहलवानों के रोमाचंक मुकाबले में बनारश की सीमा पहलवान में कानपुर की रेणु पहलवान को मात दी। इसी प्रकार बनारश की पूजा ने गोरखपुर की ज्योति पहलवान को पटखनी दी। महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए सृजन इंटनेशनल स्कूल के चेयर पर्सन सुधा बाजपेयी व डॉक्टर जय सिंह, निशा रावत, आयोजन मंडल के बाबा घनश्याम दास, सन्तोष दीक्षित, अतुल तिवारी सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# जन सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले दो अंतर्जनपदीय शातिर बदमाश गिरफ्तार

हरदोई ।थाना शाहाबाद पुलिस टीम द्वारा जन सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले दो अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों को अवैध शस्त्र, रुपए, लैपटॉप और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पुलिस टीम को ध20000 का नगद पुरस्कार दिया है ।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निकट पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में एसओजी,स्वाट,सर्विलांस सहित 7 टीमों का गठन किया गया था, जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30. 11.22 को जन सेवा केंद्र संचालक के साथ लूट करने वाले दो अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों को 36120 रू, एक लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया है ।श्री द्विवेदी ने बताया कि हरिनाथ पुत्र स्वर्गीय संजय कुमार निवासी ग्राम हाथीपुर थाना मंझिला ने थाने पर तहरीर दी थी कि प्रार्थी का भाई राहुल मोटरसाइकिल से अपने घर से ग्राहक सेवा केंद्र सिकंदरपुर कल्लू, मैन रोड के लिए निकला था कि रास्ते में नगला गनेश मोड़ के पास तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उसके सिर पर रॉड से प्रहार कर उसके पास से रुपयों से भरा बैग, एक लैपटॉप, फिंगर प्रिंट डिवाइस व अन्य जरूरी कागजात छीन कर फायर करते हुए भाग गए थे। मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किये गये थे। अनावरण हेतु लगाई गई टीम को 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी कोई सफलता न मिलने पर आसपास के अन्य जनपदों में भी इसी प्रकार की घटित घटनाओं के संबंध में जानकारी करने और घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए मुखबिरों को मामूर किया गया तो पता चला कि जनपद शाहजहांपुर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इसी प्रकार से थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था ।जमीनी स्तर पर मुखबिरों को लगाया गया। मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि आंझी रोड पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ लूट करने वाले व्यक्ति लालपुर में ट्यूबवेल के पास मौजूद हैं। बताए गए स्थान पर पुलिस पहुंची, जहां ट्यूबवेल के पास कुछ लोग आग से हाथ ताप रहे थे। पुलिस टीम को आता देख लोग भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया ।पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम नरेंद्र पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम टडेर थाना शाहाबाद, दूसरे का नाम निमित राजपूत पुत्र रामशरण निवासी अख्तियारपुर थाना शाहाबाद बताया गया। अभियुक्तों से बरामद माल के बारे में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह नगद धनराशि का वह हिस्सा है जो हम लोगों ने अपने और अन्य साथियों के साथ दिनांक 30.11. 2022 को आँझी से जमूरा को जाने वाली सड़क पर एक मोटरसाइकिल से आ रहे व्यक्ति से लूटा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि घटना के 2 दिन पहले इसी ट्यूबेल पर हम सभी साथियों द्वारा एकत्र होकर लूट की योजना बनाई गई थी ,जहां हमारे एक अन्य साथी द्वारा बताया गया कि राहुल आंझीं स्टेशन के पास जन सेवा केंद्र चलाता है तथा बड़ी मात्रा में नगद धनराशि लेकर आता जाता रहता है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को ध20000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा थाना शाहाबाद, प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा एसओजीध स्वाट, उपनिरीक्षक प्रेम सागर सिंह सर्विलांस, उप निरीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा थाना शाहाबाद, उप निरीक्षक रामलखन अवस्थी, उपनिरीक्षक रामलाल सोनकर, हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार मौर्या, हेड कांस्टेबल मोहम्मद इरफान, हेड कांस्टेबल कलीम, हेड कांस्टेबल अभिनंदन, हेड कांस्टेबल राजेंद्र, कां सम्राट रघुवंशी, कां मंजेश कुमार, कां प्रवेश कुमार, कां बृजनंदन, कां आदित्य प्रताप सिंह, कां ओमवीर सिंह, कां रामकृष्ण द्विवेदी, कां प्रदीप कुमार, कां तेज बहादुर, कां रजनीश कुमार, कां अखिलेश मौर्य, कां रामकिशन और कां अरविंद सिंह शामिल रहे।

## विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी का आयोजन

मानपुर (सीतापुर)। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया द्वारा विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र के प्रभारी अध्यक्ष डॉक्टर दयाशंकर श्रीवास्तव ने कृषकों को संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य और जानवरों की तरह, स्वस्थ रखने के लिए मिट्टी को उचित मात्रा में पोषक तत्वों की संतुलित आपूर्ति की आवश्यकता होती है। प्रत्येक फसल के बाद मिट्टी से पोषक तत्व की मात्रा कम हो जाती है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर ने बताया विश्व मृदा दिवस 2022 और इसके अभियान 'मृदाः जहां भोजन शुरू होता है' का प्रमुख उद्देश्य मृदा स्वास्थ प्रबंधन में बढ़ती चुनौतियों का समाधान करके, मिट्टी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को प्रोत्साहित करके स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और मानव कल्याण को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सस्य वैज्ञानिक डॉ शिशिर कांत सिंह ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन, केचुआ खाद तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी के साथ ही खेम की मिट्टी में सुधार करें। केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने फसल प्रणाली पर जानकारी देते हुए बताया कि मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए फसल प्रणाली मे सही फसलों का समायोजन करना चाहिए यानि कि एक खेत में लगातार एक ही फसल को नहीं लेना चाहिए। कार्यक्रम में इंजिन ऑर्गेनि प्रा0 लि0 के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग सिंह, कृषकों एवं छात्रों सहित कुल 48 कृषक ने प्रतिभाग किया तथा कार्यक्रम कुल 37 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी कृषकों को वितरित किया गया।

## सघन स्वयंसेवी नामांकन कार्यक्रम की बैठक का आयोजन हुआ

पाली,हरदोई ।पाली नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 व 12 के युवा छात्रध्छात्राओं को लेकर नेहरू युवा केन्द्र हरदोई के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के दिशानिर्देशन में ष्सघन स्वयंसेवी नामांकन कार्यक्रम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन अध्यक्ष युवा मंडल पाली शारद प्रशान्त कुमार श्पी.के.श ने किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेविका श्यामलता ने की व अतिथि के रूप में विद्यालय के भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा व संस्कृत प्रवक्ता राजेश प्रकाश मिश्र रहे ।इस बैठक में लगभग 60 युवा छात्रध छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दिव्या, शिवम, पुनीत आदि भी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने मरीजों को वितरित किए फल

हरपालपुर,हरदोई ।स्थानीय कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने पहुंचकर मरीजो को फल वितरण किए ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं तहसील संयोजक सचिन दीक्षित की अगुवाई में कस्बे के ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर समाज की सेवा करनी चाहिए, इसके साथ ही हरपालपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर पदाधिकारियों ने क्षेत्र से एक प्रस्ताव महिलाओं को फल वितरण किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, नगर मंत्री देवेश मिश्रा, सचिन सिंह ,अजय पाठक आदि विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बहला-फुसलाकर युवती को युवक लेकर हुआ फरार, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

हरपालपुर,हरदोई ।अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के गांव का एक युवक युवती को बहला–फुसलाकर भगा ले गया है वहीं युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है ।अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि अरवल थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी लक्ष्मण सिंह राजपूत पुत्र यशवंत सिंह उसकी पुत्री को बहला–फुसलाकर घर से भगा ले गया, वहीं पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है ।अरवल थाना अध्यक्ष छोटेलाल ने बताया है कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## नरवदेश्वर महादेव मंदिर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरदोई ।सुंदरकांड समिति अशराफ टोला के तत्वावधान में बीसवां वार्षिकोत्सव नयागांव मुबारकपुर स्थित श्री नरवदेश्वर महादेव मंदिर में मनाया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8 बजे भजनों के माध्यम से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित धर्मानुरागियों ने इसका भरपूर आनन्द लिया। तत्पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ।इस अवसर पर मनीष चतुर्वेदी, प्रभाकर पाठक, राज मोहन पाण्डेय, प्रेस फोटोग्राफर नवल किशोर द्विवेदी, अजय पांडेय, सोनू मिश्र, अजय कुमार टंडन, निखिल श्रीवास्तव , कपीश चतुर्वेदी, संजय सिंह, अभिषेक मिश्र हनी, अनिल मदन, विनय त्रिपाठी, हर्ष त्रिवेदी, पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति ऑर्दश ऑगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एम0एम0डी0पी0 और हाईड्रोसेलेक्टार्मी कैम्प प्रत्येक ब्लॉक पर आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये ताकि फलेरिया से अग्रित लोगों की जांच हो सके। साथ ही उन्होंने फलेरिया टेस्टिंग किट प्रत्येक ब्लॉक पर उपलब्ध कराने के साथ साथ करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होनें आशा के चयन की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सभी एम0ओ0ई0सी0 को निर्देश दिये कि वह जल्द से जल्द सभी आवश्यक उच्च गुणवक्ता वाले उपकरण जैसे की थर्मामीटर, वजन मपाने वाली मशीन, ग्लूकोमीटर आदि खरीद लें। जिलाधिकारी ने सभी एम0ओ0ई0सी0 को निर्देश दिये कि जो भी जो भी अस्पतालों में जो भी कमियां है उसको जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये। साथ ही जो भी कार्य कराया जाये, उस कार्य से पहले व काम के बाद की फोटो लेकर एक पी0पी0टी0 बना ली जाये। साथ ही उन्होंने सेनेट्री पैड की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया की जो भी सेनेन्ट्री पेड खरीदा जाये उसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा बने पैडों को प्राथमिकता दी जाये। उन्होनें सभी एम0ओ0ई0सी को अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर इनवर्टर बल्ब को खरीदने के निर्देश दिये। उन्होनें सैम व मैम के बच्चों को चिन्हित करने के साथ ही साथ उसका कारण जानने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी सैम व मैम के बच्चे है उनके अभिभावकों का राशन कार्ड व जॉब कार्ड बनाने के निर्देश दिये। पोषण आहार के वितरण की जानकारी लेते हुए आ रही समस्याओं के बारे जाना। उन्होनें आदर्श आगनबाड़ी केन्द्रों के जानकारी भी ली। साथ ही उन्होनें अगानबाड़ी में कराये जा रहे कायाकल्प की जानकारी ली तथा निर्देशित दिये कि जिन आगनबाड़ी केन्द्रों पर कायाकल्प से संबंधित कार्य पूर्ण नहीं हुये हैं उनको जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये तथा पूर्ण हुये आगनबाड़ी को हस्तगत कर दिया जाये। उन्होनें सी0डी0पी0ओ0 महोली व सी0डी0पी0ओ0 बिसवां को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिया तथा सभी सी0डी0पी0ओ0 को निर्देशित किया की वह भी अपने काम को प्राथमिता पर करें व कार्यो में लापरवाही न करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, सभी एम0ओ0आई0सी0 व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृतमय हुई डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की स्मृतियां

हरदोई। संस्कृतिर्नीयते संस्कृतं दीयते.. जैसी संस्कृतिमय पंक्तियों से संस्कृत के प्रचार–प्रसार में समर्पित बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयंती के उपलक्ष्य में आधुनिको भव संस्कृत वद अभियान..के अंतर्गत आनलाइन संस्कृत श्लोक, स्त्रोत एवं गीत गायन प्रतियोगिता हुई, जिसका उद्घाटन डॉ. अनिल कुमार सिंह, विशेष सचिव गृह उप्र ने संस्कृत में संबोधन से ही किया ।प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए एक हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार, सात सौ का द्वितीय एवं 5 सौ रुपये का तृतीय पुरस्कर निर्धारित किया गया ।20 प्रतिभागी विजेताओं को दो–दो सौ का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिले से लेकर प्रतियोगिता में उप्र, पटना, चेन्नई, दिल्ली, जम्मू कश्मीर सहित देश भर से चार दर्जन से अधिक संस्कृत प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया ।उद्घाटन करते हुए उप्र शासन के गृह विभाग के विशेष सचिवध्संस्कृतज्ञ डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के जीवन में संस्कृत रची–बसी थी और वह तन–मन–धन से संस्कृत संवर्धन के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने संस्कृत भाषा को भारतीयता की आत्मा बताया ।विशेष सचिव गृह डा. सिंह ने कहा जिस तरह आत्मा की डोर पकड़कर परमात्मा की प्राप्ति सम्भव है। उसी तरह सृष्टि–शास्त्र के सर्वज्ञता के लिए संस्कृत से साक्षात्कार करना आवश्यक है। कहा, उसी समष्टि–पथ को अपनाकर डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत और संस्कृति को समर्पित हो गयीं। मुख्य अतिथि वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ. मिथिलेश झा ने उनको एक सच्ची संस्कृत साधिका बताया। कहा, किसी न किसी रूप में संसार की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत ही है और संस्कृत की बेटी के रूप में डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र ने अपनी मातृभाषा संस्कृत का प्रचार–प्रसार का अर्घ्य चढ़ाकर मातृ–ऋण चुकाया। विशिष्ट अतिथि संस्कृत प्रचारक डॉ. अनिल कुमार चौबे ने समग्र साहित्य की गहरायी जानने के लिए संस्कृत के सागर में सराबोर होने की जरूरत बतायी। चेन्नै से भाषा संगम से जुड़ी तमिल–हिन्दी साहित्यकार डॉ. आर. कल्पना ने कहा साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र उत्तर–दक्षिण से लेकर सम्पूर्ण देश के साहित्यकारों, विद्वानों और विभिन्न भारतीय भाषाओं का परस्पर समन्वय कराने वाली भाषा–संगम की सच्ची साधिका थीं ।मध्यप्रदेश के साहित्यकार डॉ. देवेन्द्र तोमर ने कहा,संस्कृत भाषा के साथ साहित्यकार डा. मिथिलेश कुमारी मिश्र का जीवन सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति के संवर्धन को समर्पित रहा. कहा राष्ट्रीय एकता के लिए भाषा संगम सहित आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान जैसे आयोजनों का सिलसिला बनाये रखने बल दिया। डॉ. तोमर ने कहा साहित्य के प्रकाशन और संवर्धन के लिए वह कृत–संकल्प हैं. आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही महासचिव–बिहार संस्कृत संजीवन समाज व भारती भवन पटना के संस्कृत स्तम्भकार एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पीजी प्रवक्ता डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने संचालन के साथ अध्यक्षता करते हुए डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा ,संस्कृतज्ञ डा. मिश्र का जीवन ही संस्कृतमय था और वह संस्कृत संवर्धन के लिए तन–मन–धन से समर्पित रहीं। श्री सरस्वती सदन की लाइब्रेरियन सीमा मिश्र ने संस्मरणों के साथ उनका संस्कृत गीत जयतु–जयतु मम भारतदेशरू गाकर राष्ट्र–वन्दना की। दिल्ली प्रांत संयोजक एवं श्री अरविन्दो कॉलेज दिल्ली विवि, दिल्ली के सहायक प्रोफेसर पिन्टू कुमार ने तकनीकी दायित्व संभालते हुए अभियान की गतिशीलता की प्रतिबद्धता दोहरायी। बिहार विद्यापीठ डा. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति संग्रहालय, पटना की प्रभारी श्रद्धा कुमारी ने डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के साहित्य–समाज से जुड़े विभिन्न संस्मरण साझा करते हुए सभी का आभार जताया। निर्णायक डॉ. कौशल किशोर पाण्डेय, प्रवक्ता संस्कृत महाविद्यालय–हाजीपुर एवं डॉ. रागिनी वर्मा संस्कृत विभाग गंगादेवी महाविद्यालय, कंकड़बाग–पटना रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला अधेड़ का शव

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा के मोहल्ला तुलसी नगर के एक घर में व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के भतीजे ने 15 दिन पूर्व बिक्री किये प्लॉट के दो लाख साठ हजार रुपये गायब होने व बिक्री करवाने वाले दलाल पर हत्या कर रुपये गायब करने का आरोप लगाया है। मोहल्ला तुलसी नगर निवासी श्याम लाल उर्फ पुनई पुत्र मक्का उम्र लगभग 52 वर्ष का शव उसके घर में आज सुबह कमरे में पड़ा मेला घर में किसी अन्य पारिवारिक सदस्य के ना होने के चलते काफी देर तक मोहल्लावासियों में उहापोह की स्थिति बनी रही। मोहल्ले वालों ने इसकी सूचना उसके लखनऊ में रह रहे भतीजे अंकुर को दी। अंकुर व अन्य लोग सिधौली पहुँचे और श्यामलाल के शव की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को अंकुर ने बताया उनके चाचा श्यामलाल ने बीते 15 दिन पूर्व एक प्लाट दो लाख साठ हजार में बेचा था। जिसे मोहल्ले का ही ज्ञानचंद पुत्र अज्ञात ने सुनीता देवी नामक महिला को बिकवाया था और एक सप्ताह से उसके चाचा का कहीं अता पता नहीं था। आज मोहल्ले वालों की सूचना पर जब वह सिधौली आया तो उसके चाचा मृत अवस्था में घर के भीतर पड़े थे। अंकुर का आरोप है कि ज्ञान चंद ही श्यामलाल की हत्या कर उनके शव को घर में छोड़ गया है और चाचा के पास से प्लॉट बिक्री के रुपये भी गायब है। अंकुर के सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बालिका शिक्षा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कमलापुर (सीतापुर)। बालिका शिक्षा नुक्कड़ नाटक मंचन कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्राचीन व मास्टरबाग कसमण्डा में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग सीतापुर के समन्वय से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी कसमण्डा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल शिक्षक अनूप शुक्ला प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्राचीन कसमण्डा सीतापुर ने व्यापक प्रचार प्रसार द्वारा ग्राम चौड़िया, चौड़िया पुरवा, शीतलपुरवा, टेड़वा, संझा, मंझा, गुड़ियनपुरवा जसवन्तपुर के विभिन्न ग्रामों के अभिभावको तथा ग्रामवासियों को प्रतिभाग कराया। जिनके समक्ष बालिका शिक्षा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में गिरिजेश अवस्थी, हबीब–उर–रहमान, सूर्य प्रताप सिंह,काजल द्विवेदी, अन्जू शुक्ला, विमला यादव, अनीता देवी, फूलकुमारी, अंजली, रमेश चन्द्र, दिव्येश प्रताप सिंह, चंद्रमोहन अवस्थी, अंकित कुमार, रामदेवी, सोबरन सिंह, बनारसी दास, मिथिलेश यादव, सेवकी, कैलाशा, राजरानी समेत सैकड़ों ग्रामवासियों ने निपुण प्रदेश शपथ ग्रहण की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रदेश को निपुण प्रदेश तथा स्वच्छ प्रदेश बनाने हेतु प्रेरित किया। सांसद मोहन लालगंज कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति मिशन के बारे में बताया गया।

## बैंक में तैनात स्वीपर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बरहज। क्षेत्र के महेन गांव स्थित परसौनी निवासी और एक बैंक की शाखा में संविदा पर तैनात स्वीपर राजाराम (26) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। महेन स्थित एक बैंक की शाखा में राजाराम संविदा पर कार्य करते थे। पुलिस को दी तहरीर में परिजनों ने लिखा है कि परिसर में कुछ कर्मचारियों ने चोरी के आरोप में पीटकर राजाराम को बैंक के पीछे खेत में फेंक दिया था। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्हें पीएचसी ले जाया गया, जहां मौत हो गई थी। राजाराम की मौत की जानकारी होने पर परिवार के सदस्य बैंक पर पहुंचे और हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला बिगड़ता देख रुद्रपुर, गौरीबाजार, बरहज, महिला थाना से पुलिसकर्मियों को बुलाया। सीओ रुद्रपुर पंचमलाल ने मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली। इंस्पेक्टर मदनपुर मुकेश मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का सायाः बरहज। मदनपुर थाना क्षेत्र के महेन गांव स्थित बैंक की शाखा में संविदा पद पर तैनात स्वीपर राजाराम की मौत से उनकी पत्नी शीला का रो–रो कर बुरा हाल था। छोटी–छोटी तीन बच्चियों के सिर से पिता का साया उठ गया। राजाराम की मौत के मामले में लोगों में तरह–तरह की चर्चा थी।

## जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

कुशीनगर । जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण के संबंध में जनपद स्तर पर गठित तकनीकी प्रकोष्ठ समिति की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रमेश रंजन ने की। बैठक में राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति के संदर्भ में समीक्षा की गई। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर से उसका कारण पूछा तथा प्रोजेक्ट मैनेजर से साफ साफ शब्दों में कहा कि अगले सत्र से मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं शुरू हो जानी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने संबंधित कंपनी पर कार्य की धीमी प्रगति पर व समय से कार्य पूर्ण नहीं करने पर विलम्ब के अनुपात में पेनल्टी को बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल है। यदि समय से कार्य पूर्ण नहीं होगा तो एजेंसी को ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को मानव संसाधन में वृद्धि करने हेतु व कार्य में गति लाये जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्य स्थल पर मजदूरों की संख्या में वृद्धि कर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से आसपास की अर्थव्यवस्था तथा जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। ऐसी स्थिति में निर्माण कंपनी निर्माण योजना को सही तरीके से क्रियान्वित करें ताकि एकेडमिक सेशन को समय से शुरू किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एसके वर्मा व पीएसपी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

## सर्व समाज को एक धागे मे पिरोने के पक्षधर थे बाबा साहब– विनय

कुशीनगर । भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष व भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर मंगलवार को पडरौना नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के कठकुइयाँ मोड़ तिराहे पर स्थापित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा हर दिन की भांति आज भी बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा की धुलाई और सफाई की गई। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। सर्वसमाज को एक धागे में पिरोने के पक्षधर और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को उसका उचित हक दिलाने की वकालत करने वाले बाबा साहब ने सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व मे एक विशेष पहचान बनाई है। नपाध्यक्ष ने कहा कि पडरौना नगर पालिका विगत पाँच वर्षों से लगातार नगर में मौजूद सभी राष्ट्रपुरुषों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन धुलाई, सफाई और माल्यार्पण कर इन हुतात्माओं को सम्मान देता आ रहा है। बाबा साहब के संविधान को समय समय पर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित कर मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल सभासद अतुल मिश्रा विजय यादव चंदन जायसवाल राहुल सिंह संतोष कुमार प्रह्लाद यादव बृजेश शर्मा अरुण सिंह आलोक विश्वकर्मा जय वर्मा प्रमोद कुमार अरुण गुप्ता पप्पू मद्धेशिया जयप्रकाश गुप्ता आकाश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अगले माह खुल जायेगी एयरपोर्ट टू फोर लेन सडक

कुशीनगर । अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को फोर लेन से जोड़ने वाली सड़क जनवरी माह से आवागमन के लिए खुल जायेगी। बताया जा रहा है कि सड़क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। ड्रेनेज युक्त टू लेन सड़क की खूबसूरती को एंटीक स्ट्रीट लाइटिंग, लैंडस्केपिंग व फ्लोरीकल्चर से निखारा जा रहा है। पाम व खजूर के पौधों के साथ साथ अनेक शोभाकार प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं। गौरतलब हो कि 54 करोड़ की लागत से बन रही 3.5 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण मे 21 करोड़ रुपये राज्य सरकार व 33 करोड़ रुपए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने वहन किया है। आवागमन शुरू होने से एयरपोर्ट तक यात्रियों की पहुंच सुगम हो जायेगा। बिहार के जिलों व गोरखपुर से आने वाले यात्री सीधे एयरपोर्ट से गन्तव्य तक आवागमन कर सकेंगे। इससे न सिर्फ यात्रियों का समय बचेगा बल्कि ट्रैफिक जाम से निजात भी मिलेगी। वर्तमान में यात्री शहर से होकर आ–जा रहे हैं। यातायात जाम से यात्रियों को विमान छूटने का भय बना रहता है. साथ ही बारिश के दिनों में रन वे पर जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिल जायेगी। बारिश का पानी सीधे प्राकृतिक ड्रेनेज में जायेगा। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय ओझा की माने तो पिचिंग का कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्य दिसम्बर तक पूर्ण हो जाएगा। कार्यवाहक एयरपोर्ट निदेशक नरेंद्र रे ने बताया कि कार्य पूरा होने के साथ ही सड़क आवागमन के लिए खोल दी जायेगी। कार्यदाई संस्था से जल्द कार्य पूरा होने की अपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए सभी संसाधनों से एयरपोर्ट को लैस किया जा रहा है।

## दीवानी कचहरी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 75 मरीजो की हुई जांच

कुशीनगर । दीवानी न्यायालय कसया, कुशीनगर के परिसर में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 75 मरीजो की जांच डाक्टरों की टीम द्वारा की गई। कसया के चिकित्सक रफीउल्लाह वारसी एमडी व उनकी टीम के फार्मासिस्ट आफताब आलम,स्टाफ नर्स पूजा कुशवाहा ,गुलशन खातून ,बृजेश यादव ,ने मरीजों का जांच कर विभिन्न रोगो के बचाव व उपचार की जानकारी दी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, महामंत्री सजय सिंह बघेल, सुवोध पाठक, राकेश तिवारी, रविन्द्र मणि, सुमीत नाथ त्रिपाठी, अश्वनी शुक्ला, विजय सिंह, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, अरविंद पाठक आदि मौजूद रहे।

# जिस पर पूरा परिवार करता था विश्वास, वहीं निकला आस्तीन का सांप

देवरिया। नासिर की हत्या के बाद पूरा परिवार सदमे है। जिस अजरुद्दीन पर पूरा परिवार विश्वास करता था, वही बालक नासिर का हत्यारोपी निकला। इस मामले में सीसीटीवी की फुटेज के सहारे आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार, अपहरण के दिन नासिर घर से कुछ दूरी पर था। आरोपी चाचा अजरुद्दीन ने टाफी दिलाने की लालच देकर उसे उठा लिया। नासिर को पूरे दिन बाइक से घुमाने के बाद शाम के समय उसने हाथ पैर बांधा और बाद में गला दबा दिया। उसके बाद फिरौती लेने की साजिश रची थी।

शहर के कसया बाइपास रोड निवासी ईद मोहम्मद के बेटे के साथ हुई वारदात से पूरे मोहल्ले के लोग गमजदा हैं। रिश्ते को कलंकित कर देने वाली इस घटना के बाद मृत बालक के पिता और मां का रो–रो कर बुरा हाल है। ईद मोहम्मद की चार संतानें हैं, जिनमें सबसे बड़ी बेटी मुस्कान, बेटा अनस, बेटी इशरत है। नासिर छोटा बेटा था। घर का दुलारा होने के कारण सभी उससे काफी प्यार करते थे। घर के सबसे छोटे बेटे नासिर की मौत के बाद मां आसमां बेसुध होकर गिर जा रही हैं।

इस मामले के पर्दाफाश में पिता की दुकान के पास लगे सीसी कैमरे का अहम योगदान रहा है। बालक के अपहरण के बाद आरोपी ने फिरौती वसूल करने के लिए उसके पिता की दुकान पर पत्र का चस्पा कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस टीम सक्रिय हो गई। पुलिस को मजार के पास लगे सीसी कैमरे की फुटेज से सुराग हासिल हो गया। दो युवक एक ही बाइक से सवार होकर पांच दिसंबर की शाम को सात बजे मजार के पास पहुंचे। वहां पर बाइक की डिकी से पत्र निकालकर गुमटी पर चस्पा करते देखे गए। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज में पहचान होने के बाद सक्रिय हो गई।

पिपरामदन गोपाल निवासी अजरुद्दीन को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। कुछ देर तक उसने बहाना बनाया। बाद में वह पुलिस के सवालों में घिर गया और सच्चाई उगल दी। उसने अपने दो दोस्तों के नाम बताए। उनमें से एक उसके गांव का तो दूसरा रामपुर कारखाना क्षेत्र के सिधुआ का है। पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया तो घटना का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने शव को तालाब से निकाला। उसके हाथ–पैर बंधे थे। गला कसने के भी निशान मौजूद थे।

पहले भी हो चुकी हैं ऐसी वारदातें

देवरिया। नासिर के पहले भी कुछ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अपहरण कर हत्या का दी गई। उन घटनाओं में भी फिरौती मांगने की बात सामने आई। हालांकि, किसी अपहरणकर्ता तक फिरौती की रकम नहीं पहुंच पाई।

इसी साल जुलाई में लार थाना क्षेत्र के हरखौली गांव निवासी बालक संस्कार की हत्या कर दी गई थी। इस मामले का पर्दाफाश हुआ तो पता चला कि जिस घर वह कोचिंग पढ़ने जा रहा था, उसके परिवार के बेटे ने रुपये की लालच में हत्या का शव को शौचालय की टंकी में छिपा दिया था। भुजौली कालोनी निवासी महेश मल्ल के पुत्र स्वतंत्र मल्ल का 17 मार्च 2012 को स्कूल से जाते समय अपहरण कर लिया गया था।

उसके बाद उसकी हत्या कर शव को कुशीनगर जिले के पनियहवा के जंगल में फेंक दिया गया था। आठ दिसंबर 2014 को नेहरू नगर निवासी हिमांशु उर्फ सुंदरम (पांच वर्ष) की स्कूल से घर जाते समय बाइक सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। फिरौती न मिलने पर हत्या कर बिहार के सिवान में शव को फेंक दिया था। एक बार फिर से नासिर का अपहरण कर हत्या के बाद ये घटनाएं शहरवासियों के जेहन में आ गई हैं।

## बालक का अपहरण के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। रिश्ते में चाचा लगने वाले व्यक्ति को बालक का अपहरण कर उसकी हत्या के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। बालक के पिता की दुकान पर पत्र चस्पा करके तीस लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ के बाद शव को तालाब से बरामद किया गया।

शहर के कसया बाइपास रोड निवासी ईद मोहम्मद का पुत्र नासिर (सात वर्ष) शहर के मालवीय रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया में पढ़ता था। चार दिसंबर की सुबह करीब दस बजे से वह लापता था। घर के लोगों ने तलाश करने के बाद उसकी सूचना पुलिस को दी। बीते पांच दिसंबर की रात में करीब सात बजे गोरखपुर रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे मजार के पास बालक के पिता की दुकान पर बाइक सवार लोग आए और फिरौती का पत्र चस्पा कर फरार हो गए। पत्र में लिखा था कि ईद मोहम्मद के बेटे का अपहरण कर लिया गया है। तुम्हारे मोहल्ले के आदमी ने एक लाख रुपये देकर अपहरण कराया है। अगर लड़का चाहिए तो तीस लाख रुपये लेकर दस दिसंबर को कुशीनगर के नैका छपरा के मदरहा के पास कसया एयरपोर्ट के मैदान पर कहीं रख देना। रुपये रख कर घर आ जाना। तुम्हारे बेटे को दुकान पर रख दिया जाएगा, यह आखिरी सूचना है।

उसके बाद नासिर के पिता ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो बाइक सवार दो युवक पत्र चस्पा करते हुए दिखाई दिए। बालक के परिजनों से पुलिस ने पहचान कराई तो एक की शिनाख्त हो गई। उसके बाद पुलिस ने पिपरामदन गोपाल निवासी अजरुद्दीन को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। उसकी निशानदेही पर कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली के रामपुर बुजुर्ग के पास से तालाब से शव को बरामद किया गया। इसी आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी के दो अन्य दोस्तों को भी हिरासत में लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने जांच के बाद बताया कि बालक का अपहरण करने के बाद रिश्ते के चाचा ने उसके हाथ–पैर बांध दिए थे। आरोपी को पता चला था कि नासिर के पिता ने कुछ माह पहले एक भूमि बेची थी, जिसकी रकम उसके पास है। उसका इरादा था कि वह फिरौती के रूप में रकम वसूल कर लेगा। इसी बीच बालक ने उसे पहचान लिया था। उसके बाद उसने बालक की हत्या करके शव को तालाब में फेंक दिया था।

## डायट के निरीक्षण में मोबाइल में फिल्म देखते मिले लिपिक का जवाब,वेतन बाधित होने पर डीएम को सफाई दी

देवरिया । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के डायट के निरीक्षण के दौरान 18 नवंबर को खामियां मिलीं थीं। डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा तो कर्मचारियों और प्राचार्य तरह–तरह के बहाने बनाते हुए रोचक जवाब दिया है। किसने उल्टी, दस्त, सिर दर्द तो किसी ने मोबाइल न चला पाने का बहाना बनाया है। इसके जरिए खेद प्रगट करते कर्मचारियों ने क्षमा याचना मांगी है। इनके जवाब से डीएम भी सोचने को मजबूर हैं कि ऐसे कर्मचारियों पर आगे की क्या कार्रवाई की जाए, ताकि व्यवस्था सुधर जाए। डीएम ने डायट का निरीक्षण किया था। इस दौरान एक लिपिक मोबाइल पर फिल्म देखते हुए पाया गया था। कई खामियां मिलीं। उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर कर नदारद मिले थे। यहां तक कि प्राचार्य उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस पर डीएम ने जवाब तलब किया था। अपने बचाव में कनिष्ठ सहायक मुन्नी लाल ने कहा है कि शुगर, ब्लड प्रेशर के मरीज हैं। डॉक्टर के अनुसार समय पर दवा खानी होती। निरीक्षण के दौरान दवा खाने के पहले दराज में अभिलेख रखकर नाश्ता कर दवा लिया। इसी दौरान पत्नी का फोन आया कि दवा समय से खा लें। फोन रखते समय अचानक आगमन हो गया, जिससे घबरा कर फोन चालू हालत में जेब में रख लिया।

इंटरनेट आन होने के कारण अन्य प्रोग्राम चालू हो गया। इसके कारण फिल्म भी सामने आ गई। अभी तक नार्मल फोन चलाते थे, घ्ड्रायड फोन हाल के दिन में लिए हैं, जिसे ठीक से चलाना नहीं आता है। वेतन बहाली के लिए क्षमा याचना करता हूं। लिपिक गजेंद्र राव ने बताया है कि समय करीब 9रू45 पर कार्यालय आए थे, लेकिन अचानक उल्टी, दस्त और सिर दर्द होने लगा। इसके कारण चले गए। भूलवश अवकाश का प्रार्थनापत्र नहीं दे पाए। वरिष्ठ लिपिक सुभाष गुप्ता ने बताया है कि परिषदीय स्कूलों का सपोर्ट सुपरविजन डायट के प्रवक्ता करते हैं। इसकी पंजिका शुरू से ही बनी हुई है। निरीक्षण के समय मूवमेंट उपस्थित पंजिका बताई नहीं जा सकी, जिसका हमें खेद है। इन्होंने अपनी सफाई में बताया है कि हर रोज कार्यालय समय से आते हैं। प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने बताया है कि अब उपस्थित पंजिका में नाम हस्ताक्षर कर रहा हूं। डीएलएड कक्षाएं संचालित होने के कारण हम उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे, हमें इसका खेद है। सभी ने बाधित वेतन की बहाली के लिए गुहार लगाई है।

# बारा नगर सरयू नहर की मुख्य शाखा हुई जल बिहीन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला बाजार/गोरखपुर। गोला तहसील में स्थित किसानों के चेहरे पर हरियाली देने वाली बारा नगर सरयू नहर की मुख्य शाखा दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह में भी जल बिहीन बनी हुई है। इस नहर से लाभान्वित होने वाले किसान अपने खेत मे गेंहू का बीज तो डाल दिये। बीज भी जमकर तैयार है। पहली सिचाई करनी है लेकिन नहर बिभाग द्वारा पानी न चालू करने के कारण नहर सुखी पड़ी है। किसानों के समक्ष एक बड़ी समस्या खड़ी हो चुकी है। अब अपने खेत की सिचाई कैसे समय से करें। यह प्रश्न खड़ा पड़ा है। बताते चले कि गोला तहसील क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर हरियाली लाने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने चकबंदी के बाद बारा नगर गांव के पास सरयू नदी के तट पर सरयू नहर की स्थापना किया जो आज बारा नगर सरयू नहर के नाम से प्रसिद्ध है। यह मुख्य नहर शाखा बारा नगर से निकलकर बड़हलगंज के पास भेड़ी ताल तक



पहुँचती है। इस मुख्यशाखा से जगह जगह माइनर शाखाएं भी निकली हुई है और अधिकांश किसानों को अपने जल से लाभान्वित करने का कार्य करती है। गेंहूका बीज किसान अपने खेत में डाल दिये। खेत में बीज जाम कर तैयार हो गए है सिचाई का समय आ गया है। नहर से लाभान्वित होने वाले किसान नहर में पानी की तलाश कर रहे है। लेकिन नहर बिभाग दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में भी नहर में पानी नही उपलब्ध करा पाया है।

**■ दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह मे भी नहर का पानी किसानों को नही हो रहा मयस्सर**

**■ गेंहू के खेत में जोह रहे है पानी का बाट**

अब किसानों के समक्ष समस्या खड़ा हो पड़ा है। क्षेत्र के लोगो का कहना है कि नवंबर माह तक नहर के सफाई का कार्य चला है। नहर साफ होने के बाद भी नहर में पानी नही आ पाया है। इस प्रकरण पर एस डी ओ नहर से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नहर के सफाई का कार्य नब्बे प्रतिशत हो चुका है। पन्द्रह दिसम्बर से नहर में पानी छोड़ा जाएगा।

# स्वास्थ्य सखी परीक्षा का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। जनपद के बढनी ब्लाक में स्वास्थ्य सखी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी समूह



की महिलाएं इस परीक्षा में सम्मलित हुईं। बढनी ब्लाक के लगभग 30 ग्राम पंचायत से 41 महिलाओं ने परीक्षा दिया। मिशन निर्देशानुसार यूपी के प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वास्थ्य सखी को चयनित किया जाएगा। जो आंगनवाड़ी, आशा,। छड की सखी और स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को जागरूक करेंगी। उसी क्रम में सिद्धार्थनगर जनपद के सभी ब्लाकों में स्वास्थ्य सखी का फार्म भराया गया था। बीते दिन बढनी ब्लाक के सभागार में स्वास्थ्य सखी की परीक्षा और साक्षात्कार प्रक्रिया सम्पूर्ण किया गया। चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए जनपद मुख्यालय या बस्ती जनपद में भेजा जाएगा। डिस्ट्रिक्ट मिशन प्रबधंक, ब्लाक मिशन प्रबंधक और सी एल एफ पदाधिकारी की मौजदूगी में परीक्षा सम्पन्न हुआ। डी एम एम विमलेश कुमार ने महिलाओं को स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि गांव में महिलाओं अशिक्षित होने के कारण पालन पोषण, बच्चों की देख रेख में कोताही बरतने लगती हैं। जिससे उनकी और बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति खराब हो जाती है। ऐसे में उन्हें जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य सखी प्रमुख योगदान रहेगा। वर्तमान में समाज के एक अभिशाप बड़ी तेजी से बढ़ी है लिंग आधारित हिंसा जिससे महिलाओं के प्रति पुरुषों की नैतिक व विकास भावना कही न कहीं ठीक नहीं है। महिलाओं को जागरूक होना पड़ेगा ताकि वे अपनी आवाज समाज में पूरी सम्मान के साथ उठा सकें। परीक्षा व कार्यक्रम समाप्त होने के बाद डी एम एम विमलेश कुमार, मुकेश कुमार और बी एम एम अमित कुमार, कमलेश बेनवशी, उमेश कुमार भारद्वाज ने महिलाओं को इंटरव्यू लिया।

## नेट परीक्षा को लेकर मदरहा विद्यालय में हुई अभिभावक बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय मदरहा पर अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के साथ एक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रधानाध्यापक अमित कुमार गुप्ता ने यह बताया की उ०प्र० सरकार के आदेशानुसार अब




विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए नैट (निपुण एसेसमेंट टेस्ट) परीक्षा का आयोजन किया जाना है जिसमें बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त उत्तर पत्रक ओ०एम०आर० सीट पर अपना उत्तर देना है और उसका आकलन सरल एप्प के माध्यम से किया जाना है जिसमें आकलन के पश्चात बच्चों के अधिगम स्तर का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर बच्चों के अन्दर और निपुणता लाने के लिए एक सार्थक योजना बनायी जाएगी जिसके आधार पर कार्य किया जाएगा और सभी बच्चों का मूल्यांकन हो सके इसलिए शत प्रतिशत उपस्थिति भी होना जरूरी है इसलिए अनावश्यक कोई अनुपस्थित न हो इसका ध्यान आप लोग रखिएगा और इसी के साथ ही डी० बी० टी० पर भी चर्चा करते हुए बताया कि अब ड्रेस, स्वेटर, जूता–मोजा और बैग के लिए धनराशि सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में आ रही है तो जिन भी बच्चों के पैसे प्राप्त हो चुके है उनसे सम्बन्धित सभी अभिभावक अपने बच्चों के लिए जल्द से जल्द सब ड्रेस, बैग, जूता–मोजा, स्वेटर आदि की व्यवस्था कर लें और यह भी अपील किया कि इस सर्दी के मौसम में बच्चों को बिना स्वेटर और जूते–मोजे के विद्यालय न भेजें तथा साथ में यह भी बताया कि इस बार डी०बी०टी०के माध्यम से 1100ध्–रूपये की जगह 100ध्रूपये अतिरिक्त स्टेशनरी के लिए आ रहे है तो इसलिए इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें और बच्चों को स्टेशनरी के साथ ही विद्यालय भेजें। इस अवसर पर सहायक अध्यापक विनयकान्त शर्मा, शिखा प्रजापति, शिक्षामित्र विद्याभूषण दास, सुरेन्द्र, भोलानाथ, दुर्गविजय, मैनाराम, सर्वजीत, चम्पा, राजनाथ, जयकुमार, अन्जू, सुनीता, रेखा, रिंकी, शर्मिला, ममता, सविता, नीलम, बादामी, सुमित्रा, मालती, संगीता आदि सहित जागरूक अभिभावक उपस्थित थे।

# जिला बार अध्यक्ष के नेत्रत्व में जिला अधिकारी कार्यालय के सामने अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान में रुदौली वापसी, जूनियर अधिवक्ताओं को मध्यप्रदेश की भांति बाराबंकी के अधिवक्ताओं को पुलिस प्रोटेक्शन दिए जाने, बाराबंकी को अयोध्या मंडल से हटाकर लखनऊ मण्डल में जोड़ने व अधिवक्तागड़ो को टूल टैक्स की छूट देने तथा सीनियर अधिवक्ताओं को 70 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं उनको प्रत्येक मास अन्य कर्मचारियों की भांति पेंशन दिए जाने व असामयिक स्वर्गवासी हुए अधिवक्ताओं की पत्नियों को 20000 रु जीवन निर्वाह करने हेतु भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी बाराबंकी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन दिया गया इस अवशर पर जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के अध्यक्ष ने सरकार से मांग किया कि उनकी इस जायज मांग शीघ्र पूरी हों वरना हम सभी अधिवक्ताओं, वादकारी गड़ो, व्यापारियों, नौजवानों, किसानों स्टाम्प वेंडरों, मुन्सी गड़ो एवम जनता के सहयोग से माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय पर जाकर अपनी इस मांग को रखा जाएगा, जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। इस अवशर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह, कोषध्यछ महेंद्र सिंह, मंत्री प्रकाशन पंकज यादव, मंत्री पुस्तकालय राम शंकर रावत, कार्यकारिणी सदस्य राम प्रकाश, ओम प्रकाश यादव अमित गौतम, नरेंद्र यादव, गौरव गुप्ता, उमेश वर्मा पम्मू, अरबिंद यादव, मनोज राजपूत, पंकज रावत, संजय, रमन द्विवेदी, सी बी सिंह, सुरेश गौतम, आर पी गौतम एखलाख अहमद, अनूप कल्याणी प्रकाश चंद्र वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, ज्योति तिवारी, राम खेलावन वर्मा, राम शरन वर्मा, ज्वाला प्रसाद यादव, राम सरन यादव, इजहार, दीपक सिंह सहित कई सैकड़ा अधिवक्तागड़ो ने नारा दिया कि अध्यक्ष तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं इसके बाद गगन भेदी नारों के बाद ज्ञापन अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन को देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित कर एक प्रति जिला बार एसोसिएशन को उपलब्ध कराने का निवेदन किया गया।



# देवां ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने आभा पंचतत्व क्लीनिक का किया उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। आभा पंचतत्व क्लीनिक का शुभारंभ जनकल्याण किसान एसोसिएशन के तत्वावधान में राम औतार यादव स्मृति वाटिका उमरी देवा बाराबंकी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ब्लाक प्रमुख देवा धर्मेंद्र सिंह यादव द्वारा फीता काटकर क्लीनिक का शुभारंभ किया गया तथा साथ ही साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज देवा बाराबंकी की प्रधानाचार्या डाक्टर सुविद्या वत्स भी उपस्थित रही। इस केंद्र पर हर प्रकार के रोगियों के लिए परामर्श प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध होगी। पुराने मर्ज जैसे–डाइबटीज, ब्लड प्रेशर,हृदय रोग, पेट की बीमारी अपच, गैस, बदहजमी, लूज मोशन, उल्टी, मितली ,भूख, कमजोरी, नींद ना आना, जॉइंट पैन, सिरदर्द, कान का बहना, मानसिक समस्या (पागलपन नहीं) आदि के रोगियों के लिए डायट थेरेपी, एक्युपंचर, एक्यूप्रेशर, पैडॉलाजिन, जीरो वोल्ट थेरेपी, योग, मेडिटेशन, प्राणायाम, जल एवं मिट्टी से रोगियों का उपचार किया जायेगा। मरीजों को देखने का समय प्रातः 9:00 बजे से 2:00 बजे तक होगा। प्रत्येक सोमवार को क्लीनिक पर अवकाश रहेगा इस केंद्र के मुख्य परामर्शदाता डॉ भानु है इन्होंने भारत में उस्मानिया विश्वविद्यालय से एमबीबीएस करने के बाद महिडॉल यूनिवर्सिटी बैंकॉक से ट्रॉपिकल मेडिसिन की पढ़ाई की है तथा सिंगापुर विश्वविद्यालय से एडवांस मेडिसिन में अध्ययन किया है।डॉ भानु का चिकित्सा जगत में विस्तृत अनुभव है साथ ही यह भी एहसास है अधिकतर बीमारियों में एलोपैथिक दवाएं रोग के लक्षणों को कम कर देती हैं परंतु जड़ से ठीक नहीं करती। ऐसी स्थिति में उचित भोजन उचित रहन–सहन सही तरह की दिनचर्या, किस ऋतु में क्या खाएं साथ ही प्रकृति के अनुरूप चिकित्सा पद्धतियों का सहयोग लेते हुए बीमारी की जड़ को समझना और उसके अनुरूप उसका इलाज करना ही एक समाधान है। इसी सिद्धांत का पालन करते हुए आभा पंचतत्व क्लीनिक पर उपचार की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था विशेष तौर पर गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए है स इस शुभ अवसर पर डाक्टर उमेश चन्द्र यादव, नन्दलाल सिंह व संगठन के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।



# अनियंत्रित हाइवा मकान में घुसी, एक कि मौत एक घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र के खैराही ऐलाही चट्टी मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पर बुद्धवार सुबह 10 बजे मिर्जापुर की तरफ से तेज



रफ्तार से आ रही हाइवा ऐलाही–खैराही मुख्य मार्ग के किनारे बसे हरिजन बस्ती में घुस गया जिसमें एक कि मौत घटना स्थल पर ही हो गई, एक महिला गम्भीर घायल होने की बात बताई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर की तरफ से रावर्ट्सगंज जा रही तेज रफ्तार हाइवा ऐलाही, खैराही निवासी सियाराम यादव के घर के पास लगे हैंड पम्प के पास खड़े मृतक मोनू(18)वर्ष पुत्र रमेश निवासी ऐलाही को ठोकर मारते हुए सियाराम का बाउन्ड्री वाल तोड़ते हुए बरामदे में घुस गई। जिसमें मृतक वाइक सहित फस जाने से घटना स्थल पर मौत हो गई, वही दूसरी तरफ पानी लेने आयी चमेली पत्नी दुर्गा प्रसाद बुरी तरह घायल हो गई।ग्राम प्रधान अनिल कुमार यादव ने करमा पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही करमा थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर मर्चरी हाउस रावर्ट्सगंज भेजा और घायल महिला को एम्बुलेंस से जिलाअस्पताल भेजा।स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रमेश भारती पटरी पर बाइक खड़ा कर बात कर रहा था।ठोकर इतनी तेज थी कि वाइक सहित हाइवा में फस गया, जेसेबी की मदद से पुलिस ने मृतक को बाहर निकाला।हाइवा चालक को लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के अनुसार कागजी करवाई की जा रही है।

# बाबा साहब के सपनो के भारत का निर्माण करेगी जनअधिकार पार्टी:बाबू सिंह कुशवाहा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में बेजुबानो को जुबान, बहरो को कान, मेहनतकश को सम्मान, भारत को संविधान देने वाले बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण के उपलक्ष्य में ग्राम पगिया में श्रंद्धाञ्जलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। त पश्चात कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। 'श्रंद्धाञ्जलि सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब को जब मौका मिला तो उन्होंने ऐसे सम्बिधान का निर्माण किया जिसमें न कोई ऊँच न कोई नीच, सबको एक बराबर अधिकार एवं सम्मान, सबके वोट की कीमत बराबर का अधिकार दिया। रानी के पेट से पैदा होने वाले राजा की प्रथा को समाप्त कर जनता को अपना राजा चुनने का अवसर दिया है परन्तु आजादी के चौहत्तर साल बीत जाने के बाद भी बाबा साहब का लिखा हुआ सम्बिधान एक दिन के लिए भी पूर्ण रूप से लागू नही किया गया अपितु अनेको संशोधन कर लोगो के हक अधिकारों पर डाका डाला गया जब कि बाबा साहब की मंशा रही कि लोगो को संख्या के अनुपात में जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में हिस्सेदारी मिले परन्तु अभी तक ऐसा नही हो सका। आगे बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी की चाहत है कि संख्या के अनुपात में हर जाति धर्म एवं सम्प्रदाय के लोगो को हिस्सेदारी मिले जिससे समाज के अंतिम ब्यक्ति के होठों पर मुस्कान दिख सके तभी बाबा साहब का सपना पूरा होगा लेकिन इसके लिए शोषितो, गरीबो , किसानों, मजदूरों एवं कमेंरा वर्ग को इकट्ठा होकर अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी ।

जन अधिकार पार्टी एक आंदोलन का नाम है जो सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष कर रही हैं जिसमे कमेंरा वर्ग को अपनी अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। इस दौरान निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष डा0 भागीरथी सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष आदित्य, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रानी सिंह, मौर्य, कृष्णा सिंह मौर्य, प्रदीप चौहान, मो0 अमीन, नागेंद्र सिंह, प्रदीप मौर्य, राजकुमार, चन्द्रमा सिंह, विजय कुमार, राजेन्द्र पनिका, अनिल वर्मा, गिरजा सिंह, सुनील कुमार, कल्लू भारती, प्रशांत भारती, मोतीलाल, राजनाथ अनिल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुलायम सिंह मौर्य एवं संचालन जिला महासचिव रविरंजन शाक्य ने किया।



## चन्द्र शेखर पाण्डेय द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल / सोनभद्र। जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के ग्राम



महुआंव पाण्डेय मे चल रहे स्व. जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गये पहले मुकाबले मे कतरन की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों मे मिझून को 124 रन का लक्ष्य दिया। जवाब मे बैटिंग करते हुए मिझुन की टीम 82 रन ही बना पायी। कतरन की टीम की ओर से नीरज यादव ने 44 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच बड़गावा और कतरन के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए कतरन की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों मे 91 रन बनायी। जवाब मे बड़गावा की टीम 8 ओवरों मे 92 रन बना कर मैच जीत लिया।आखिरी ओवर मे 24 रन चाहिए था,मानिंद मिश्रा ने 4 छक्के लगा कर अपनी टीम को जीत दिलाने मे सफल रहे। मानिंद मिश्रा ने 54 रन और 1 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। इस कार्यक्रम को युवा समाजसेवी प्रखर वक्ता चंद्र शेखर पाण्डेय द्वारा अपने माता जी की स्मृति में कराया जा रहा है। जिसमें सभी प्रतिभागियों को अनेकों तरह के पुरस्कार से उनके विधाओं के अनुसार कमेटी व मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा दिया जाता है। इस अवसर पर गावं के सम्मानित सदस्य कामेश्वर धर द्विवेदी,बागेश्वरी धर,रामजी धर,विवेक धर,जगदीश शर्मा व आम जनमानस के साथ कमेटी के लोग मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# रामभीख राजरानी शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। रामभीख राजरानी शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज मलूकपुर गदिया,बाराबंकी में 11 वें स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में आज विद्यालय प्रांगण में विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसका आज परिणाम बालक वर्ग कबड्डी में राम भीख राजरानी और सर्वोत्तकर्स पब्लिक स्कूल ग्वारी के बीच मैच हुआ!जिसमे रामभीख राजरानी की टीम विजयी रही तथा दूसरा कबड्डी का मैच न्यू विकास शिक्षण संस्थान तथा वारसी इंटर कॉलेज देवा के बीच हुआ। जिसमें वारसी इंटर कॉरेज देवा की टीम विजयी रही। बालिका वर्ग में रामभीख राजरानी एवं वारसी इंटर कॉलेज देवा के बीच हुआ जिसमें वारसी इंटर कॉलेज की टीम वजई रही। वहीं 100 मीटर दौड़ मे बालिका सीनियर वर्ग में अंजली पुत्र विक्रम वारसी इंटर कॉलेज प्रथम स्थान निधि विश्वकर्मा पुत्री रजनीश विश्वकर्मा राम भीख राजरानी ने द्वितीय स्थान तथा नीतू पुत्र सर्वजीत वारसी इंटर कॉलेज देवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका जूनियर वर्ग में नैंशी पुत्र देशराज राम भीख राजरानी ने प्रथम स्थान दिव्यांशी पुत्री राममिलन न्यू विकास शिक्षण संस्थान मैंनाहार ने द्वितीय स्थान तथा इकरा पुत्र मोहम्मद इश्तियाक राम भीख राजरानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी खेल विद्यालय प्रबंधक हनुमान प्रसाद, प्रधानाचार्य अमित श्रीवास्तव, संचालक डॉ वीर बहादुर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कराए गए समस्त खेलों को कराने में विद्यालय के खेल शिक्षक अनुज यादव, राहुल सिंह तथा शिवा वर्मा के नेतृत्व में संचालित किए गए।

# विकास के मुद्दे का हवाला दे नायला खान ने मांगा सम्मानित मतदाताओं से समर्थन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां / महराजगंज। नगर निकाय चुनाव का आरक्षण आने के बाद प्रत्याशियों ने जनता के बीच पहुचना शुरू कर दिया है। और जोर आजमाइश का सिलसिला शुरू हो गया है, चूकि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने निकाय चुनाव में महिलाओं को वरीयता देते हुए अधिकाधिक सीटे महिलाओं को दिया है, इसी कड़ी में नौतनवा नगर पालिका की अध्यक्ष की सीट महिला होने के कारण नौतनवा नगर पालिका की प्रत्यासी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नायला खान एक बार पुनः हाथ जोड़ जनता से आशीष मांगा और विकास कार्यो को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। नौतनवां नगर पालिका की अध्यक्ष पद की प्रत्यासी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नायला खान ने आज अपने आवास पर एक प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी बात रखते हुए कहा कि 2012 में नगर के सम्मानित मतदाताओं ने भरोसा दिखाते हुए मुझे अध्यक्ष बनाया मैने भी उनके भरोसे को कायम रख विकास व सम्मानित जनता के सम्मान को वरीयता देते हुए कार्य किया,मैं नगर की बेटी व बहु की भूमिका निभाने के लिए एक बार पुनः तैयार हूँ मुझे पूरा भरोसा है कि नगर के सम्मानित मतदाता एक बार पुनः मुझपर भरोसा दिखाते हुए अपना अपार समर्थन देंगे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सुबह के समय खाली पेट इन 5 पेय का करें सेवन, मिलेंगे कई फायदे



सुबह का खान–पान आपके पूरे दिन के ऊर्जा स्तर पर प्रभाव डालता है। यही कारण है कि पोषण विशेषज्ञ लोगों को सलाह देते कि वे सुबह के समय ऐसी स्वास्थ्यवर्धक चीजों का ही सेवन करें, जो उन्हें ऊर्जावान और फ्रेश रखने में मदद कर सके। आइए आज हम आपको पांच ऐसे पेय के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन सुबह के समय खाली पेट करने से कई तरह के स्वास्थ्य से जुड़े लाभ मिल सकते हैं।

गुनगुना नींबू पानी

एक गिलास गुनगुने पानी में दो चम्मच नींबू का रस मिलाकर पीने से शरीर को ढेर सारे पोषक तत्व मिल सकते हैं। नींबू विटामिन–सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, यह आपके शरीर के पीएच स्तर को संतुलित रखने में भी मदद कर सकता है और सभी विषाक्त पदार्थों को प्रभावी ढंग से बाहर निकाल सकता है।

नींबू, अदरक, काली मिर्च, हल्दी, दालचीनी और शहद का पानी

अगर आप रोजाना अपने दिन की शुरूआत एक गिलास पानी में नींबू का रस, अदरक का रस, एक चुटकी काली मिर्च का पाउडर, हल्दी पाउडर, दालचीनी पाउडर और शहद को मिलाकर पीने से करते हैं तो इससे कई तरह स्वास्थ्य फायदे मिल सकते हैं। यह मिश्रण आंत के लिए बहुत अच्छा है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन क्रिया, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मेटाबॉलिज्म के लिए काफी फायदेमंद है।

व्हीटग्रास जूस

व्हीटग्रास यानी गेंहू की पत्तियां, जिसके जूस का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साबित हो सकता है, क्योंकि यह कई जरूरी मिनरल्स और विटामिन्स से भरपूर होता है। इससे पाचन क्रिया में सुधार हो सकता है। इसके अतिरिक्त, व्हीटग्रास के जूस में मौजूद हाइपोलिपिडेमिक प्रभाव रक्त लिपिड का स्तर संतुलित करके खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) का स्तर कम कर सकता है। वजन घटाने के लिए भी इस जूस का सेवन करना अच्छा है।

गुनगुने पानी में तुलसी का रस मिलाकर पीएं

तुलसी को आयुर्वेदिक जड़ी–बूटी कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा, क्योंकि यह कई औषधीय गुणों से युक्त होती है। अगर आप रोजाना सुबह के समय खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में तुलसी के रस की कुछ बूंदें मिलाकर पीते हैं तो यह आपके ऊर्जा स्तर को सक्रिय रखने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में काफी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के साथ त्वचा के लिए भी लाभदायक है।

थाइम, हल्दी, अदरक और काली मिर्च का पानीः इसके लिए एक पैन में पानी गरम करके उसमें कुछ थाइम के फूल, हल्दी पाउडर, कद्दूकस की हुई अदरक और एक चुटकी काली मिर्च डालकर इसे उबालें। फिर इस मिश्रण को छानकर एक कप में डालें और रोजाना सुबह के समय इसे पीएं। यह मिश्रण आपको सर्दी–खांसी समेत बलगम से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में भी मदद करता है।

## भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने बेहद कम कपड़ों में दिए कई बोल्ड पोज

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपनी फिटनेस को योग के जरिए बरकरार रखे हुए हैं। वहीं, म्यूजिक वीडियो के साथ फैंस एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर भी काफी फॉलो करते हैं। वहीं, एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने स्पोर्ट्स ब्रा और डेनिम शॉर्ट्स में अपना



फिगर फ्लॉन्ट किया, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड अदाओं के साथ अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपनी बोल्डनेस और हॉट अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। नम्रता मल्ला अपनी फिट बॉडी से फैंस पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस अपनी निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। नम्रता मल्ला की तस्वीरें ही नहीं, वीडियो भी कम समय में वायरल हो जाते हैं। नम्रता मल्ला एक कमाल की डांसर भी हैं, कई बार उन्होंने अपने डांस को खुद कोरियोग्राफ किया। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी के साथ साथ साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। नम्रता मल्ला आज बड़ी सोशल मीडिया संसेशन बन चुकी है। साथ ही उनके फैंस उनकी फोटोज और वीडियो पर अपना प्यार बरसाते रहते हैं। नम्रता मल्ला की इंस्टाग्राम पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके इंस्टा पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। नम्रता मल्ला ने इन कपड़ों में बेहद सेक्सी और बोल्ड फिगर को भी फ्लॉन्ट किया। साथ ही अपनी कातिलाना अंदाज से फैंस को घायल करती नजर आ रही हैं।






## रणबीर की ब्रह्मास्त्र हॉटस्टार पर भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बनी



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन रिलीज के बाद भी यह लगातार सुर्खियों में है। सिनेमाघरों में कई रिकॉर्ड बना चुकी यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। फिल्म ने अब डिजिटल रिलीज की दुनिया में भी एक शानदार रिकॉर्ड बनाया है। इस खबर से बेशक फिल्म के प्रशंसकों का दिल गदगद हो उठेगा।

एक्शन–एडवेंचर फैंटेसी फिल्म ब्रह्मास्त्र 4 नवंबर को हॉटस्टार पर आई थी। ओटीटी पर आने के बाद यह प्रशंसकों को आकर्षित करती रही। ब्रह्मास्त्र भारत में हॉटस्टार पर पहले 10 दिनों में स्ट्रीम किए गए घंटों के आधार पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई है। दर्शकों पर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की खूब दीवानगी दिखी, क्योंकि वे खासतौर पर हॉटस्टार पर अपनी पसंद की भाषा में इस फिल्म को देख पाए।

इससे पहले यामी गौतम की फिल्म अ थर्सडे हॉटस्टार पर सबसे ज्यादा देखी गई थी, वहीं अमेजन प्राइम वीडियो पर यह रिकॉर्ड फिल्म गहराइयां ने बनाया था। शर्मा जी नमकीन, दसवीं, जलसा, लूप लपेटा जैसी फिल्मों को भी इस साल ओटीटी पर खूब देखा गया।

निर्देशक अयान मुखर्जी ने कहा, मैं हॉटस्टार पर ब्रह्मास्त्र के डिजिटल प्रीमियर की प्रतिक्रिया से बेहद उत्साहित हूं। इसके लिए पूरी टीम ने जो कोशिश की है, वो खूब रंग लाई। मैं सभी प्रशंसकों को फिल्म को प्यार देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। रणबीर ने कहा, मैं ब्रह्मास्त्र को हॉटस्टार पर मिली प्रतिक्रिया से खुश हूं। यह उन सभी के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट था और अयान मुखर्जी के लिए भी, जिन्होंने इस पर एक दशक तक काम किया।

ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, नागार्जुन अक्किनेनी और मौनी रॉय भी हैं। यह फिल्म कुछ मायावी अस्त्रों की कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को नया और अद्भुत अनुभव देती है। 400 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 431 करोड़ रुपये की कमाई की। फिलहाल इस फिल्म के सीक्वल पर काम चल रहा है।

रणबीर को ब्रह्मास्त्र 2 में देखा जाएगा। वह फिल्म एनिमल में भी मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसमें उनका एक ऐसा अवतार देखने को मिलेगा, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। रणबीर निर्देशक लव रंजन की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ उनकी जोड़ी बनी है। फिल्म में दोनों की लव स्टोरी दिखाई गई है।

## अक्षय कुमार ने मुंबई में शुरू की वेदत मराठे वीर दौड़े सात की शूटिंग

निर्देशक महेश मांजरेकर की मराठी पीरियड ड्रामा वेदत मराठे वीर दौडले सात की शूटिंग शुरू हो गई है, जिसमें अक्षय कुमार छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय कुमार



ने इंस्टाग्राम पर छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर को देखते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने हिंदी में कैप्शन लिखा कि, उन्होंने सोमवार को फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वसीम कुरैशी द्वारा निर्मित यह फिल्म केवल एक कहानी या युद्ध नारा नहीं है, यह हिंदवी स्वराज्य की सफलता की कहानी है और एक गौरवशाली और निरूस्वार्थ बलिदान की कहानी है जैसा कोई अन्य नहीं है। फिल्म के कलाकारों में जय दुधने, उत्कर्ष शिंदे, विशाल निकम, विराट मडके, हार्दिक जोशी, सत्या, अक्षय, नवाब खान और प्रवीण तारडे शामिल हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित, फिल्म कुरैशी प्रोडक्शन की प्रस्तुति है और मराठी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में दीवाली 2023 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# एडीएचडी क्या है? जानिए इसके कारण, लक्षण और इलाज



अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) एक क्रोनिक न्यूरोडेवलपमेंट समस्या है। यह दुनियाभर में लाखों बच्चों को प्रभावित करती है और बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती जाती है। एडीएचडी से ग्रसित लोगों को ध्यान केंद्रित करने, ध्यान बनाए रखने और ऊर्जावान बने रहने में कठिनाई होने लगती है। जापान के एक शोध के मुताबिक, एडीएचडी का वैश्विक प्रसार 0.1 प्रतिशत से 8.1 प्रतिशत तक है। आइए आज इस डिसऑर्डर से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

एडीएचडी क्या है?

एडीएचडी एक क्रोनिक न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर है, जिससे ग्रस्त व्यक्ति के मस्तिष्क के विकास और मस्तिष्क गतिविधियों में सामान्य व्यक्ति के मुकाबले काफी अंतर होता है। इस डिसऑर्डर से जूझने वाले लोगों की एकाग्रता क्षमता, स्थिरता और आत्म–नियंत्रण प्रभावित होता है।

कितने प्रकार का होता है एडीएचडी?

अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन के डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैनुअल ऑफ मेंटल डिसऑर्डर के अनुसार, एडीएचडी तीन प्रकार का होता हैं। पेरडोमिनेंटली हाइपरएक्टिव–इंपल्सिवरू इसमें लोग ज्यादातर हाइपरएक्टिव और इंपल्सिव होते हैं। पेरडोमिनेंटली इनटेंटिवरू इससे ग्रस्त लोगों में मुख्य रूप से इनटेंटिवनेंस के लक्षण होते हैं। कंबाइंड हाइपरएक्टिव–इंपल्सिव और इनटेंटिवरू इससे ग्रस्त लोगों में हाइपरएक्टिव, इंपल्सिव और इनटेंटिवनेंस से जुड़े लक्षण नजर आते हैं।

क्या हैं एडीएचडी के लक्षण?

एडीएचडी के सामान्य लक्षणों में बच्चों को ध्यान लगाने में दिक्कत होने लगती है और उनका व्यवहार भी खराब होने लगता है। इसके अतिरिक्त, कल्पना या ख्यालों में खोएं रहना, चीजें भूलना, बहुत अधिक बोलना या बिलकुल न बोलना और दूसरों के साथ मिलने में कठिनाई होना भी एडीएचडी के लक्षण हैं। एडीएचडी वाले लोगों के हाथ कपकपाते हैं और वे खुद को काफी कमजोर महसूस करते हैं।

क्या हैं एडीएचडी के कारण?

एडीएचडी के कारण अभी भी अच्छी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, कुछ कारकों का इसके साथ संबंध पाया गया है। कई शोध से पता चलता है कि एडीएचडी का एक न्यूरोबायोलॉजिकल और आनुवंशिक आधार है। गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का सेवन, बचपन में दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, जन्म के समय कम वजन, समय से पहले जन्म, चीनी युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम एडीएचडी का कारण बन सकता है।

क्या है एडीएचडी का इलाज?

एडीएचडी को सही उपचार से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके उपचार में आमतौर पर ध्यान केंद्रित करने और कुछ व्यवहार संबंधी रणनीतियां समेत जीवनशैली में बदलाव शामिल होते हैं। जीवनशैली में परिवर्तन करके एडीएचडी वाले लोगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाया जा सकता है। इनमें उनके लिए स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना और कार्यों की याद दिलाना शामिल हो सकता है।